

# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, सोमवार
14 अप्रैल 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 45 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## एनटीपीसी की एक के बाद एक तीन यूनिटें ठप

लखनऊ। एनटीपीसी परिजनों की एक के बाद एक तीन यूनिटों के बंद हो जाने से अफसरों में हड़कंप मच गया। इससे जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब सहित नौ राज्यों में बिजली संकट गहरा सकता है।

एनटीपीसी परियोजना में एक के बाद एक तीन यूनिटें बंद हो गई हैं। यूनिट संख्या तीन में सूट ब्लोअर कपलिंग टूट गई। चार नंबर इकाई के बॉयलर में रिसाव होने से उसे बंद कर दिया गया। वहीं पांचवीं यूनिट में भी तकनीकी खराबी आने से उसे बंद कर दिया गया है। एक साथ तीन यूनिटें बंद होने से अधिकारियों में खलबली मच हुई है। हालांकि जिम्मेदार यूनिटों को शुरू कराने के प्रयास में लगे हुए हैं। एनटीपीसी परियोजना में छह यूनिटें स्थापित हैं। इसमें पांच यूनिटों से 210 - 210 व छठवीं से 500 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। बताते हैं कि कि रात यूनिट नंबर चार के बॉयलर में रिसाव होने लगा जिसके कारण उसे बंद कर दिया गया। शेष पेज 2 पर

# कांग्रेस ने अंबेडकर का किया अपमान...

## सीएम योगी बोले- कुछ लोग वक्फ के नाम पर भड़का रहे हिंसा



लखनऊ । सीएम योगी ने कहा कि 1976 में कांग्रेस ने संविधान में संशोधन किया। एक ऐसा शब्द जोड़ा, जिसके खिलाफ बाबा साहब ने खुद तर्क दिए थे। डॉ आंबेडकर का अंतिम संस्कार बौद्ध रीति-रिवाजों के अनुसार किया गया था। उनका अंतिम संस्कार महाराष्ट्र के मुंबई शहर में चैत्य भूमि पर हुआ था।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत प्रदेश कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस द्वारा बाबा साहब का अपमान करने की बात कही।

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने आंबेडकर का अंतिम संस्कार दिल्ली में नहीं होने दिया था। इस पुरानी पार्टी ने भारतीय संविधान के निमार्ता का स्मारक बनाने से मना कर दिया था। इन्हीं लोगों ने बाबा साहब आंबेडकर को चुनाव हारने दिया। उनके 'महा परिनिर्वाण' के बाद स्मारक भी नहीं बनने दिया।

**वक्फ के नाम पर हजारों एकड़ जमीन कब्जा की गई-** मुख्यमंत्री ने वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर भी विपक्ष को निशाने पर लिया।

शेष पेज 2 पर

## धुलियान से भागकर मालदा पहुंचे कई हिन्दू परिवार, स्कूल में ली शरण

भारतीय जनता पार्टी के नेता सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को इस घटना के कुछ वीडियो शेयर किए और ममता सरकार पर तीखा हमला बोला। अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'धर्मांध कट्टरपंथियों के डर से मुर्शिदाबाद के धुलियान से 400 से अधिक हिंदू नदी पार कर पार लालपुर हाई स्कूल, देवनापुर-सोवापुर जीपी, बैसनबनगर, मालदा में शरण लेने को मजबूर हुए। बंगाल में धार्मिक उत्पीड़न वास्तविक है।' पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अब तनावपूर्ण शांति है। पिछले कुछ दिनों में राज्य के इलाकों में हुई हिंसा के कारण कई लोग अपना घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। मुर्शिदाबाद के धुलियान से 400 से ज्यादा हिंदू पलायन कर मालदा चले गए हैं। सभी हिंदुओं ने लालपुर हाई स्कूल में शरण ली है।

शेष पेज 2 पर

# शेख हसीना, बहन रेहाना और भतीजी रिजवाना के गिरफ्तारी वारंट जारी

## भ्रष्टाचार मामले में कोर्ट का आदेश



ढाका। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) ने भूखंड आवंटन में भ्रष्टाचार के तीन अलग-अलग मामलों में 53 लोगों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र जमा किए हैं। इस मामले में ढाका मेट्रोपॉलिटन वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने पीएम शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना और भतीजी व ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीकी समेत 50 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। भ्रष्टाचार के एक और मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना और भतीजी व ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीकी समेत 50 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुए हैं।

ढाका मेट्रोपॉलिटन वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) द्वारा दायर तीन अलग-अलग आरोपपत्रों पर विचार करने के बाद राजनीतिक शक्ति का दुरुपयोग करके अवैध भूमि अधिग्रहण करने पर यह आदेश जारी किया। एसीसी के सहायक निदेशक (अभियोजन) अमीनुल इस्लाम ने कहा कि न्यायाधीश हुसैन ने गिरफ्तारी आदेशों के निष्पादन पर रिपोर्ट की समीक्षा के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है।

हाल ही में एसीसी ने भूखंड आवंटन में भ्रष्टाचार के तीन अलग-अलग मामलों में 53 लोगों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र जमा किए हैं। 10 अप्रैल को इसी अदालत ने राजुक प्लॉट आवंटन से संबंधित एक अलग भ्रष्टाचार मामले में हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। शेष पेज 2 पर

## आकाश आनंद ने मायावती से मांगी माफी, बोले- अब राजनीतिक मामलों में ससुराल पक्ष की नहीं सुनूंगा



लखनऊ । बसपा से निष्कासित किए गए आकाश आनंद ने मायावती से माफी मांगते हुए फिर से पार्टी में काम करने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि अब राजनीतिक मामलों में वो अपने ससुराल पक्ष की नहीं सुनेंगे।

बसपा से निष्कासित किए गए आकाश आनंद ने पार्टी सुप्रीमो मायावती से माफी मांगते हुए फिर से पार्टी के लिए कार्य करने की इच्छा जताई और कहा कि अब वह अपने नाते रिश्तेदारों की नहीं सुनेंगे।

उन्होंने एक्स पर जारी किए गए बयान में कहा कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, यूपी की चार बार की मुख्यमंत्री एवं लोकसभा व राज्यसभा की भी कई बार रहीं सांसद मायावती जी को मैं अपना दिल से एकमात्र राजनीतिक गुरू व आदर्श मानता हूं।

शेष पेज 2 पर

# यह मुसलमानों के लिए सही नहीं'

## वक्फ कानून को लेकर मौलाना महमूद मदनी का बयान



नई दिल्ली । जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख महमूद मदनी ने का कहना है कि वक्फ संशोधन अधिनियम देश, समाज या मुसलमानों के लिए सही नहीं है। उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने की अपील की है।

वक्फ संशोधन कानून को लेकर मुस्लिम संगठनों की दिल्ली में बड़ी बैठक आयोजित की गई। वक्फ संशोधन अधिनियम पर जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख महमूद मदनी ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम देश, समाज या मुसलमानों के लिए सही नहीं है। हमारी लड़ाई जारी रहेगी, खत्म नहीं होगी, चाहे हमें कितनी भी कुबार्नी देनी पड़े।

महमूद मदनी ने कहा, "यह वक्फ का मामला नहीं बल्कि राजनीति है। मुसलमानों के नाम पर, कभी मुसलमानों को गाली देकर या मुसलमानों का हमदर्द बनकर दुर्भावना के साथ इस अधिनियम को लागू किया गया। यह अधिनियम या संशोधन देश, समाज या मुसलमानों के लिए सही नहीं है।

मदनी ने कहा, 'हमारी लड़ाई जारी रहेगी, खत्म नहीं होगी, चाहे हमें कितनी भी कुबार्नी देनी पड़े। हमने आजादी से पहले भी कुर्बानियां दी हैं। अगर हमें लड़ना पड़ा तो हम लड़ेंगे। अगर हमें सब्र करना है तो हम वो भी करेंगे। हम हर स्थिति के लिए तैयार हैं। हम न्याय का इंतजार कर रहे हैं।' उन्होंने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने की अपील करते हुए कहा कि इस कानून के खिलाफ हर जगह शांतिपूर्ण प्रदर्शन होने चाहिए।

**वक्फ कानून के खिलाफ मौलाना महमूद मदनी पहुंचे सुप्रीम कोर्ट-** वहीं, इससे पहले मौलाना महमूद मदनी ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की है, जिसमें कानून की सांविधानिकता को चुनौती दी गई है। याचिका में जमीयत ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि इस कानून में एक नहीं, बल्कि भारत के संविधान के कई अनुच्छेद विशेष रूप से अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26, 29 और 300-ए के तहत प्रदत्त मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन किया गया है, जो मुसलमानों के धार्मिक और सांस्कृतिक अधिकारों और पहचान के लिए गंभीर खतरा है। मदनी ने कहा कि यह कानून न केवल असांविधानिक है बल्कि बहुसंख्यक मानसिकता की उपज है, जिसका उद्देश्य मुस्लिम समुदाय के सदियों पुराने धार्मिक और कल्याणकारी ढांचे को नष्ट करना है।

उन्होंने कहा कि यह कानून सुधारात्मक पहल के नाम पर भेदभाव का झंडाबरदार है और देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान के लिए खतरा है।

मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से मांग की गई है कि वह वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को असांविधानिक घोषित करें और इसके क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाए।

## आतिशी ने दिल्ली की सीएम और उनके पति पर लगाए गंभीर आरोप, भाजपा ने लगाई फटकार



नई दिल्ली। आतिशी ने सोशल मीडिया पर दिल्ली की मुख्यमंत्री के पति की एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'इस तस्वीर को ध्यान से देखिए। एमसीडी, डीजेबी, पीडब्ल्यूडी और डीयूएसआईबी अधिकारियों की बैठक लेने वाले व्यक्ति मनीष गुप्ता हैं, जो दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पति हैं।' भाजपा ने तुरंत आतिशी के आरोपों पर पलटवार किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी पर 'अपमानजनक' टिप्पणी करने का आरोप लगाया।

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी एक बार फिर आमने-सामने आ गई है। दरअसल, शनिवार को आप नेता आतिशी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पति पर दिल्ली सरकार को अनौपचारिक तरीके से चलाने का आरोप लगाया। आतिशी के इस दावे पर विवाद खड़ा हो गया, जिस पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उन्हें फटकार लगाई।

शेष पेज 2 पर

सियासी धमाका :

## 50 बम गिरने के बयान पर भगवंत मान का तंज, क्या बाजवा के पाकिस्तान से रिश्ते हैं?



चंडीगढ़। पंजाब की सियासत में शनिवार को एक नया विवाद छिड़ गया, जब विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने एक टीवी इंटरव्यू में दावा किया कि राज्य में अब तक 50 बम गिर चुके हैं। इस बयान ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को आक्रोशित कर दिया और उन्होंने सीधे सवाल उठाया—ह्लक्या बाजवा के पाकिस्तान से संबंध हैं, जो उन्हें आतंकवादियों से बमों की गिनती की जानकारी मिल रही है?

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाजवा का यह बयान न तो किसी खुफिया जानकारी पर आधारित है, न ही राज्य या केंद्र की सुरक्षा एजेंसियों के पास इसकी पुष्टि है। भगवंत मान ने स्पष्ट रूप से कहा, अगर बाजवा के पास कोई ठोस जानकारी है, तो उसे पंजाब पुलिस को देनी चाहिए। यदि नहीं, तो यह बयान केवल डर और भ्रम फैलाने के लिए दिया गया है।

मुख्यमंत्री के बयान के बाद, राज्य की खुफिया टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बाजवा के घर (सैक्टर-8) पर जाकर उनका बयान दर्ज किया। बाजवा ने कहा कि उन्हें यह जानकारी उनके निजी स्रोतों से मिली है और वह पुलिस जांच में पूरा सहयोग दे रहे हैं। हालांकि, उन्होंने इस जानकारी के स्रोत का खुलासा नहीं किया।

शेष पेज 2 पर

लेजर हथियार प्रणाली

## लेजर हथियार प्रणाली से ड्रोन-मिसाइल को मार गिराएगा भारत,

# उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश



कुरनूल। भारत ने पहली बार 30 किलोवाट लेजर आधारित हथियार प्रणाली की क्षमता का प्रयोग करके फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट, मिसाइल और स्वार्म ड्रोन को मार गिराने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। ऐसा करके भारत अमेरिका, चीन और रूस के बाद चौथा देश बन गया है। अब दुश्मन के ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराना आसान होगा।

भारत ने अब लेजर हथियार प्रणाली से दुश्मन के ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने की क्षमता हासिल कर ली है। डीआरडीओ की तरफ से पहली बार आंध्र प्रदेश के कुरनूल में इस 30 किलोवाट लेजर आधारित हथियार प्रणाली की क्षमता का प्रदर्शन किया गया। इस प्रणाली का उपयोग करके फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट, मिसाइल और स्वार्म ड्रोन (एक साथ आने वाले कई ड्रोन) को निशाना बनाया गया। ऐसा करके भारत अमेरिका, चीन और रूस सहित उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने ऐसी क्षमता दिखाई है।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने कहा कि यह सिर्फ एक शुरूआत है। उन्होंने कहा कि इस सफलता में कई डीआरडीओ प्रयोगशालाओं, उद्योग और शैक्षिणक संस्थानों ने मिलकर काम किया है। मुझे यकीन है कि हम जल्द ही अपनी मंजिल तक पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम अभी और भी ताकतवर तकनीकों पर काम कर रहे हैं। इनमें उच्च ऊर्जा माइक्रोवेव, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक पल्स जैसी अन्य उच्च ऊर्जा प्रणालियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये तकनीकें हमें स्टार वार्स जैसी क्षमता प्रदान करेंगी। आज जो आपने देखा, वह स्टार वार्स तकनीकों की दिशा में एक छोटा, लेकिन अहम कदम है।

**अमेरिका-रूस और चीन इस प्रणाली का कर चुके प्रदर्शनः डॉ. कामत-** डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ कामत ने आगे कहा कि मेरी जानकारी के अनुसार, हमसे पहले अमेरिका, रूस और चीन ने लेजर हथियार प्रणाली का प्रदर्शन किया है। इस्राइल भी इसी तरह की क्षमताओं पर काम कर रहा है।

शेष पेज 2 पर

# दो दिन की राहत के बाद अगले सप्ताह से सताएगी गर्मी, तीन दिन लू का यलो अलर्ट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में आंधी व बारिश से मौसम का मिजाज बदल चुका है। 40-41 चल रहा तापमान लुढ़ककर 35 डिग्री तक पहुंच गया है। शनिवार को भी मौसम सुहावना बना रहा। धूप निकली, लेकिन आंशिक रूप से बादल भी छाए रहे।

उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में दो दिन चली आंधी व बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज हुई और गर्मी को लोग भूल गए। हालांकि यह अभी फौरी राहत है। अगले दो दिन और थोड़ी राहत रहेगी और अगले सप्ताह से गर्मी फिर से सताने लगेगी। मौसम विभाग ने 16 से 18 अप्रैल के लिए लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। यदि तीनों दिन लू चली तो अप्रैल के मध्य तक ही लू चलने वाले छह दिन हो जाएंगे। अप्रैल में बीते सप्ताह तीन दिन लू चल चुकी है।

दिल्ली-एनसीआर में बृहस्पतिवार व शुक्रवार को आंधी व बारिश से मौसम का मिजाज बदल चुका है। 40-41 चल रहा तापमान लुढ़ककर 35 डिग्री तक पहुंच गया है। शनिवार को भी मौसम सुहावना बना रहा। धूप निकली, लेकिन आंशिक रूप से बादल भी छाए रहे। गर्मी का अहसास नहीं हुआ। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री कम 35.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.0 डिग्री कम 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, शुक्रवार शाम से शनिवार सुबह 8:30 बजे तक 000.7 मिमी बारिश दर्ज की गई।

**लोदी रोड इलाका रहा सबसे ठंडा**

वहीं, दिल्ली का लोदी रोड इलाका सबसे ठंडा रहा। यहां अधिकतम तापमान 33.4 और न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि पालम में तापमान 33.9 और न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा। रिज में अधिकतम तापमान 34.8 और न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आयानगर में 004.0 मिमी, रिज में 001.4. पालम में 002.0 और लोदी रोड में 000.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शनिवार शाम को भी हल्की बारिश होने की संभावना जताई थी। लेकिन शाम तक बारिश नहीं हुई।

अगले सप्ताह के मध्य से फिर से जोर पकड़ेगी गर्मी

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार तक कुछ ऐसा ही मौसम बना रहेगा। रविवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे और अधिकतम तापमान बढ़ कर 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री तक रहने का अनुमान है। 14 अप्रैल तक लू चलने की संभावना नहीं है। अगले सप्ताह के मध्य से गर्मी फिर से जोर पकड़ेगी। 16 से 18 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22-25 डिग्री के बीच पहुंच सकता है। वहीं इन तीनों दिन लू का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। उसके बाद सप्ताह के अंत में फिर से हल्की बारिश की संभावना बन सकती है।

**आज का तापमान**

अधिकतम तापमान- 35.2 डिग्री सेल्सियस

न्यूनतम तापमान- 19.0 डिग्री सेल्सियस

13 अप्रैल को सूर्यास्त- शाम 6:46 मिनट

14 अप्रैल को सूर्योदय- सुबह 5:57 मिनट

# 'भाजपा ने दिल्ली में शिक्षा व्यवस्था को कर दिया खराब', अरविंद केजरीवाल ने बोला हमला



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाजपा पूरे देश में गुजरात मॉडल को लागू करना चाहती है। यह डबल इंजन मॉडल है। भाजपा एक राज्य बताएं जहां उनकी सरकार है और उन्होंने वहां शिक्षा को खराब नहीं किया है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए शिक्षा व्यवस्था को खराब करने का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने दावा किया कि भाजपा देश में गुजरात मॉडल को लागू करना चाहती है, जहां शिक्षा का स्तर काफी खराब है।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाजपा पूरे देश में गुजरात मॉडल को लागू करना चाहती है। यह डबल इंजन मॉडल है। भाजपा एक राज्य बताएं जहां उनकी सरकार है और उन्होंने वहां शिक्षा को खराब नहीं किया है। इससे पहले केजरीवाल ने दिल्ली की शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों में फीस वृद्धि के बाद दिल्ली में शिक्षा प्रणाली पूरी तरह से भाजपा सरकार के तहत माफियाओं के चुंगल में फंस गई है। अभिभावक निजी स्कूलों के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और भाजपा के मंत्री सरकारी स्कूल-सरकारी स्कूल का खेल खेलने में व्यस्त हैं। उन्हें समस्या के समाधान के लिए वहां जाना चाहिए। लेकिन वे निजी स्कूल मालिकों से डरते हैं।

# एंटीबायोटिक दवाओं का तर्कहीन उपयोग बढ़ा रहा समस्या, दवाओं का असर होता है कम, शरीर को कमजोर कर देता रोग



नई दिल्ली। बैठक में एनसीडीसी में बैक्टीरियल रोग एवं औषधि प्रतिरोध व एएमआर रोकथाम केंद्र की अतिरिक्त निदेशक और प्रमुख डॉ. लता कपूर ने कहा कि देश में एएमआर के संकट पर तत्काल कार्रवाई की जरूरत है। यह मूक महामारी बन गया है।

एंटीबायोटिक दवाओं का तर्कहीन उपयोग मरीजों की समस्याएं बढ़ा रहा है। इसके कारण बढ़ता रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) एक मूक महामारी बन गया है। इस समस्या से निपटने के लिए दिल्ली में विशेषज्ञों ने राउंड टेबल बैठक की। विशेषज्ञों ने कहा कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध तब होता है जब संक्रमण पैदा करने वाले बैक्टीरिया, वायरस, कवक या परजीवी, दवाओं के प्रतिरोधक हो जाते हैं और दवाएं असर नहीं करतीं। बैठक में एनसीडीसी में बैक्टीरियल रोग एवं औषधि प्रतिरोध व एएमआर रोकथाम केंद्र की अतिरिक्त निदेशक और प्रमुख डॉ. लता कपूर ने कहा कि देश में एएमआर के संकट पर तत्काल कार्रवाई की जरूरत है। यह मूक महामारी बन गया है। आईसीयू और आपातकालीन सेटअप में एंटीबायोटिक दवाओं का तर्कहीन उपयोग चिंताजनक है। यह अक्सर निदान में देरी और अनुभव के अभाव में होता है इसकी रोकथाम के लिए पॉइंट-ऑफ-केयर परीक्षण आवश्यक है। एएमआर रोकथाम रणनीतियों में एकीकृत किया जाना चाहिए। सरकार नैदानिक प्रबंधन और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य सेवा उद्योग, निजी प्रयोगशालाओं और चिकित्सकों के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर यदि पर्ची पर दवा लिखते समय इसका विशेष ध्यान दें तो समस्या को रोका जा सकता है।

वहीं, डॉ. राजीव गौतम ने कहा कि एएमआर की रोकथाम के लिए एक जांच उपलब्ध है। इस जांच में मधुमेह की तरह कुछ सेकेंड में पता चल जाएगा कि मरीज को एंटीबायोटिक्स दवाएं देने की जरूरत है या नहीं। यह दवाएं वायरल इंफेक्शन पर कारगर नहीं हैं, लेकिन अनुभव के अभाव में डॉक्टर इन्हें लिख देते हैं। बेवजह इनका इस्तेमाल दवाओं के असर को खत्म कर देता है। वहीं, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के डॉ. विकास मनचंदा ने कहा कि लोकनायक अस्पताल में इलाज करवाने आ रहे बच्चों में देखा गया है कि उन्हें वायरल फीवर में भी एंटीबायोटिक दवाएं दी गईं। इस गलत प्रक्रिया के कारण अब उनमें एंटीबायोटिक दवाएं ही असर नहीं कर रहीं। उन्होंने कहा कि वायरल के 95 फीसदी से अधिक मामलों में एंटीबायोटिक के इस्तेमाल की कोई जरूरत नहीं होती। ऐसे में दवाओं को लिखने से पहले रोग की पकड़ जरूरी है। डॉ. विकास मनचंदा ने कहा कि भारत में अक्सर लोग दवा की दुकानों से बिना डॉक्टर की सलाह के दवाएं ले लेते हैं। यह आसानी से उपलब्ध भी हैं। इसमें देखा गया है कि दवा बेचने वाले बिना सोचे कुछ भी दे देते हैं। इसकी रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। यदि लोग दवाओं के इस्तेमाल को लेकर जागरूक होंगे तो इस समस्या को

## पेज एक का शेष...

### कांग्रेस ने अंबेडकर का किया अपमान...

उन्होंने कहा कि वक्फ के नाम पर हजारों एकड़ जमीन कब्जा की गई है। वक्फ के पास उसका कोई राजस्व रिकॉर्ड नहीं है। अब जब कार्रवाई हो रही है तो कुछ लोग हिंसा भड़का रहे हैं। पश्चिम बंगाल में घर से घसीटकर तीन हिंदुओं की हत्या कर दी गई। यूपी में आज जो लोग दलित हितैषी होने की बात कहते हैं। इन्हीं के पार्टियों से जुड़े लोगों ने गरीब, वंचितों और दलितों की सबसे ज्यादा जमीनें कब्जा की हैं।

### आकाश आनंद ने मायावती से मांगी माफी, बोले- अब राजनीतिक मामलों में ससुराल पक्ष की नहीं सुनूंगा

आज मैं यह प्रण लेता हूं कि बहुजन समाज पार्टी के हित के लिए मैं अपने रिश्ते-नातों को व खासकर अपने ससुराल वालों को कतई भी बाधा नहीं बनने दूंगा।

यही नहीं बल्कि कुछ दिनों पहले किए गए अपने ट्ववीट के लिए भी माफी मांगता हूं जिसकी वजह से आदरणीया बहन जी ने मुझे पार्टी से निकाल दिया है और आगे से इस बात को सुनिश्चित करूंगा कि मैं अपने किसी भी राजनीतिक फैसले के लिए किसी भी नाते रिश्तेदार और सलाहकार की कोई सलाह मशविरा नहीं लूंगा और सिर्फ आदरणीय बहन जी के दिए गए दिशा-निर्देशों का ही पालन करूंगा। तथा पार्टी में अपने से बड़ों की व पुराने लोगों की भी पूरी इज्जत करूंगा और उनके अनुभवों से भी काफी कुछ सीखूंगा।

आदरणीया बहन जी से अपील है कि वे मेरी सभी गलतियों को माफ करके मुझे पुनः पार्टी में कार्य करने का मौका दें, इसके लिए मैं सदैव उनका आभारी रहूंगा। साथ ही अब मैं आगे ऐसी कोई भी गलती नहीं करूंगा, जिससे पार्टी व आदरणीया बहन जी के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान को ठेस पहुंचे।

1. बी.एस.पी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, यू.पी. की चार बार रही मुख्यमंत्री एवं लोकसभा व राज्यसभा की भी कई बार रही सांसद आदरणीया बहन कु. मायावती जी को मैं अपना दिल से एकमात्र राजनीतिक गुरू व आदर्श मानता हूं। आज मैं यह प्रण लेता हूं कि बहुजन समाज पार्टी के हित के लिए मैं अपने रिश्ते-नातोंङ्ग

2. यही नहीं बल्कि कुछ दिनों पहले किए गए अपने ट्ववीट के लिए भी माफी मांगता हूं जिसकी वजह से आदरणीया बहन जी ने मुझे पार्टी से निकाल दिया है। और आगे से इस बात को सुनिश्चित करूंगा कि मैं अपने किसी भी राजनीतिक फैसले के लिए किसी भी नाते रिश्तेदार और सलाहकार की कोई सलाह मशविरा नहींङ्ग

3. और सिर्फ आदरणीय बहन जी के दिए गए दिशा-निर्देशों का ही पालन करूंगा। तथा पार्टी में अपने से बड़ों की व पुराने लोगों की भी पूरी इज्जत करूंगा और उनके अनुभवों से भी काफी कुछ सीखूंगा। 3/4

4. आदरणीया बहन जी से अपील है कि वे मेरी सभी गलतियों को माफ करके मुझे पुनः पार्टी में कार्य करने का मौका दिया जाए, इसके लिए मैं सदैव उनका आभारी रहूंगा। साथ ही अब मैं आगे ऐसी कोई भी गलती नहीं करूंगा, जिससे पार्टी व आदरणीया बहन जी के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान को ठेस पहुंचे। 4/4

बता दें कि आकाश आनंद ने बसपा के सभी पदों से हटाए जाने के बाद एक्स पर सफाई दी थी। जिससे मायावती नाराज हुईं और उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

### शेख हसीना, बहन रेहाना और भतीजी रिजवाना के गिरफ्तारी वारंट जारी

इससे पहले 13 जनवरी को एसीसी ने रेहाना के खिलाफ अधिकार का दुरुपयोग करके पुर्बाचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट में 10 प्लॉट हासिल करने का मामला दर्ज किया। इस मामले में भी पूर्व पीएम हसीना और रेहाना की बेटी ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीक सहित 15 आरोपियों के नाम शामिल किए गए थे। मामले की जांच के बाद एसीसी ने 10 मार्च को 17 व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने इसी दिन रेहाना के बेटे रादवान मुजीब सिद्दीकी के खिलाफ तीसरा मामला दर्ज किया। उन पर राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके प्लॉट हासिल करने का आरोप है।

इससे पहले बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने हसीना, उनके राजनीतिक सहयोगियों, वरिष्ठ नागरिक और सैन्य अधिकारियों के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध और जबरन गायब होने जैसे आरोपों पर दो गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। बुधवार को एसीसी ने मुजीब शताब्दी समारोह के लिए हसीना, उनकी छोटी बहन शेख रेहाना और एक पूर्व अधिकारी द्वारा 4,000 करोड़ टका की बर्बादी की नई जांच शुरू की है। एसीसी ने आरोप लगाया कि उसने जो राशि बताई है, वह राष्ट्रीय खजाने से खर्च की गई है।

### आतिशी ने दिल्ली की सीएम और उनके पति पर लगाए गंभीर आरोप, भाजपा ने लगाई फटकार

आतिशी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दिल्ली की मुख्यमंत्री के पति मनीष गुप्ता की एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, 'इस तस्वीर को ध्यान से देखिए। एमसीडी, डीजेबी, पीडब्ल्यूडी और डीयूएसआईबी अधिकारियों की बैठक लेने वाले व्यक्ति मनीष गुप्ता हैं, जो दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पति हैं।'

ग्रामीण शासन व्यवस्था से इस स्थिति की तुलना करते हुए आतिशी ने लिखा, 'पहले हम सुनते थे कि अगर गांव में महिला सरपंच चुनी जाती है, तो सारा सरकारी काम उसका पति संभालेगा। कहा जाता था कि गांव की महिलाओं को सरकारी काम नहीं आता, इसलिए काम 'सरपंच-पति' संभालेंगे। लेकिन शायद देश के इतिहास में यह पहली बार है कि कोई महिला मुख्यमंत्री बनी है और सारा सरकारी काम उसका पति संभाल रहा है।'

भाजपा का आतिशी पर पलटवार- भाजपा ने तुरंत आतिशी के आरोपों पर पलटवार किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी पर 'अपमानजनक' टिप्पणी करने का आरोप लगाया और रेखा गुप्ता के राजनीतिक सफर का बचाव किया।

सचदेवा ने कहा, 'आतिशी खुद एक महिला हैं, यह आश्चर्यजनक है कि आप एक अन्य महिला नेता का अपमान कर रही हैं। रेखा गुप्ता ने डूसू सचिव से लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री तक का सफर तय किया है। उनके पति का उनका समर्थन करना न तो गैरकानूनी है और न ही अनैतिक।'

सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के भीतर की घटनाओं का भी हवाला दिया, खास तौर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद सीएम कार्यालय से जनता को संबोधित करने का जिक्र किया। उन्होंने पूछा, 'क्या यह लोकतंत्र का अपमान नहीं था?'

### एनटीपीसी की एक के बाद एक तीन यूनिटें ठप

इसी दौरान पहले से बंद तीन नंबर यूनिट को शुरू किया गया लेकिन शुरूआत में ही सूट ब्लोअर कपलिंग टूट गई जिसके कारण उसे बंद करना पड़ा।

इंजीनियरों की टीम ने दोनों यूनिटों की मरम्मत शुरू की। इसी बीच पांचवीं यूनिट में भी खराबी आ गई और उसे भी बंद करना पड़ा। एक साथ तीन यूनिटों के बंद होने से परियोजना में बिजली उत्पादन पर बुरा असर पड़ा है।

सूत्रों की मानें तो इस समय परियोजना की यूनिट एक दो व छह नंबर यूनिट से लगभग 920 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है। परियोजना के जनसंपर्क अधिकारी ऋषभ शर्मा ने बताया कि तीन व पांच नंबर यूनिट ग्रिड में अर्थिंग की समस्या के कारण बंद किया गया है। चौथी यूनिट में उत्पादन शुरू हो गया है। बंद दोनों यूनिटें भी जल्द शुरू की जाएंगी।

एनटीपीसी से यह राज्य खरीदते हैं बिजली- ऊंचाहर विद्युत परियोजना से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली व उत्तर प्रदेश को बिजली आपूर्ति की जा रही है। तीन यूनिटों के अचानक बंद होने से उत्पादन घट गया है। जानकारों का कहना है कि उत्पादन कम होने से सभी राज्यों पर बिजली का संकट बढ़ेगा। हालांकि परियोजना प्रशासन का कहना है कि एक यूनिट को शुरू करा लिया गया है।

### 50 बम गिरने के बयान पर भगवंत मान का तंज, क्या बाजवा के पाकिस्तान से रिश्ते हैं?

बाजवा का पलटवार- प्रताप बाजवा ने मुख्यमंत्री को चुनौती दी और कहा कि यदि उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया, तो यह राजनीतिक प्रतिशोध होगा। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री राज्य के गृह मंत्री भी हैं, लेकिन वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह असफल रहे हैं। मेरे पास अपने निजी सूत्र हैं, जिन्होंने मुझे चेतावनी दी है कि मुझे भी निशाना बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री की तीखी प्रतिक्रिया- भगवंत मान ने त्वरित और तीखा जवाब दिया, अगर बाजवा के पास कोई ठोस प्रमाण नहीं हैं, तो उनका बयान पंजाब में आतंक फैलाने की साजिश का हिस्सा माना जाएगा। क्या वे बमों के फटने और लोगों के मरने का इंतजार कर रहे थे ताकि उनका राजनीतिक फायदा हो सके? यदि नहीं, तो फिर यह केवल जनता को डराने की कोशिश है।

कांग्रेस पर भी हमला-मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पार्टी से भी सवाल किया, क्या कांग्रेस पार्टी ऐसे नेता को अपनी पार्टी में बनाए रखेगी, जो देश और प्रदेश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहा है? अगर बाजवा का मकसद केवल डर फैलाना है, तो कांग्रेस को उन्हें पार्टी से बाहर करना चाहिए।

### उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश

उन्होंने कहा कि हम इस प्रणाली का प्रदर्शन करने वाले दुनिया के चौथे या पांचवें देश हैं।

2035 तक तैयार होगा पहला 5वीं पीढ़ी का स्टील्थ विमान

भारत के पहले 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ विमान एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के बारे में पूछे जाने पर डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. कामत ने कहा कि एक नया प्लेटफॉर्म विकसित करने में 10 से 15 साल लग जाते हैं। सीसीएस से परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद, हमने यह यात्रा 2024 में ही शुरू की है। इसलिए हम 2035 का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

डीआरडीओ अध्यक्ष ने आगे कहा कि हम एक अएफ्ड इंजन प्रोजेक्ट पर भी शुरू करना चाहते हैं। यह तकनीक बहुत जटिल है। इसलिए हम जोखिमों को कम करने के लिए एक विदेशी कंपनी डएट के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि चौथी पीढ़ी के इंजन कावेरी से हमने बहुत कुछ सीखा है, लेकिन वर्तमान में इंजन तकनीक छठी पीढ़ी में चली गई है। इसलिए जोखिमों को कम करने के लिए डीआरडीओ विदेशी कंपनी के साथ काम करना चाहता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले कुछ महीनों में इस बारे में कुछ अच्छी खबर मिलेगी।

### धुलियान से भागकर मालदा पहुंचे कई हिन्दू परिवार, स्कूल में ली शरण

भारतीय जनता पार्टी के नेता सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को इस घटना के कुछ वीडियो शेयर किए और ममता सरकार पर तीखा हमला बोला।

अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'धर्मांध कट्टरपंथियों के डर से मुर्शिदाबाद के धुलियान से 400 से अधिक हिंदू नदी पार कर पार लालपुर हाई स्कूल, देवनापुर-सोवापुर जीपी, बैसनबनगर, मालदा में शरण लेने को मजबूर हुए। बंगाल में धार्मिक उत्पीड़न वास्तविक है।'

ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए अधिकारी ने लिखा, 'टीएमसी की तुष्टिकरण की राजनीति ने कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा दिया है। हिंदुओं का शिकार किया जा रहा है, हमारे लोग अपनी ही धरती पर जान बचाने के लिए भाग रहे हैं! कानून और व्यवस्था को इस तरह से खराब होने देने के लिए राज्य सरकार को शर्म आनी चाहिए।'

अधिकारी द्वारा साझा किए गए वीडियो में एक व्यक्ति ने दावा किया कि उसका घर जला दिया गया था, और पुलिस अधिकारियों ने मदद के लिए कुछ नहीं किया, बस घटनास्थल से भाग गए। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में तैनात सीमा सुरक्षा बल या बीएसएफ, जिला और राज्य पुलिस के साथ मिलकर लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

पश्चिम बंगाल पुलिस ने बताया कि मुर्शिदाबाद में शुक्रवार रात वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ भीड़ द्वारा की गई हिंसा के बाद कथित तौर पर तीन लोगों की मौत हो गई। कई वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया गया, और पुलिस के अनुसार, स्थिति अब नियंत्रण में है।

# नैथला गांव में निषाद पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान, ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



बागपत। बागपत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नैथला में निषाद पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत पार्टी की विचारधारा से ग्रामीणों को अवगत कराया गया और बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने निषाद पार्टी के साथ जुड़ने का संकल्प लिया।

सदस्यता अभियान का आयोजन रामे त्यागी के आवास पर किया गया था। सभा में ग्राम के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और निषाद पार्टी को मजबूत बनाने का वादा किया।

सभा की अध्यक्षता रामनाथ त्यागी और गजनू कश्यप ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में कई सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रहे अजब सिंह कश्यप (मास्टर जी) सुरजीत त्यागी, धीर सिंह जाटव, फुल सिंह जाटव, रामभज त्यागी, ईश्वर त्यागी, अशोक त्यागी, श्याम त्यागी, ओंकार त्यागी, प्रदीप त्यागी, सुरेश कश्यप, अजय कश्यप, सुनील कश्यप, मंगत कश्यप, योगेश त्यागी, राजेंद्र त्यागी, सोनू त्यागी आदि। सभा को निषाद पार्टी बागपत के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप, संगठन जिला अध्यक्ष रविंद्र कश्यप, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जितेंद्र कश्यप, उपाध्यक्ष तेजवीर सिंह कश्यप और कोषाध्यक्ष लोकेंद्र कश्यप ने संबोधित किया।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने निषाद पार्टी की नीतियों, उद्देश्यों और सामाजिक समरसता के संकल्प को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के हक और अधिकारों के लिए संघर्षरत है। वक्ताओं ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे निषाद पार्टी के साथ जुड़कर समाज में परिवर्तन लाने का काम करें।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने निषाद पार्टी को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया और सदस्यता ग्रहण की। सभा का माहौल उत्साहपूर्ण और जनसमर्थन से भरा हुआ रहा।

# डॉ. आंबेडकर जयंती मंडल स्तर पर धूमधाम से मनाएगी भाजपा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो




बागपत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को इस वर्ष मंडल स्तर पर बड़े पैमाने पर मनाएगी। इस सिलसिले में भाजपा जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय के नेतृत्व में जिले के सभी 12 संगठनात्मक मंडलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी ने व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों की योजना तैयार की है, जिनमें विचार गोष्ठियां, संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ और स्वच्छता अभियान शामिल हैं।

भाजपा ने आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या, यानी 13 अप्रैल को विशेष स्वच्छता कार्यक्रम भी आयोजित किया। बड़ौत देहात मंडल के गांव कोताना स्थित अंबेडकर भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को स्वच्छ जल से साफ किया गया और भवन परिसर में झाड़ू लगाकर सम्पूर्ण सफाई की गई। कार्यक्रम के अंत में अंबेडकर प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर भाजपा एससी मोर्चा के जिला महामंत्री सतेन्द्र मौर्य तथा मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रधान ने उपस्थित कार्यकताओं और ग्रामीणों से आह्वान किया कि डॉ. आंबेडकर की जयंती को पूरे सम्मान और धूमधाम से मनाया जाए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने देश को जो संविधान दिया, वह समानता और सामाजिक न्याय का आधार है, और उनके योगदान को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी का कर्तव्य है।

**14 अप्रैल को होंगे विशेष कार्यक्रम**

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने जानकारी दी कि 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के अवसर पर पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता दलित बस्तियों में जाकर मिठाई वितरण करेंगे और संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर जनजागरण अभियान चलाएंगे।

इसके अतिरिक्त भाजपा कार्यकर्ता जिले के भीतर दलित समाज के 5 प्रमुख व्यक्तियों से संपर्क कर सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित करेंगे। इन आयोजनों का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना है।

पवन शर्मा ने कहा, भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब आंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने के लिए संकल्पित है। हम उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं।

# शिव शक्ति धाम मंदिर कलक्ट्रेट में धूमधाम के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव



बागपत। कलक्ट्रेट कॉलोनी में स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अनिल त्रिपाठी ने भगवान हनुमान जी की विधि-विधान के साथ पूजा सम्पन्न करायी। इसके उपरान्त हवन का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने समस्त विश्व की शांति व कल्याण के लिए आहुतियां डाली। इसके उपरान्त भक्तिमय सुन्दरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। मंदिर समिति की तरफ से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर हनुमान जी के परमभक्तों में शुमार आरटीओ ऑफिस बागपत के मुख्य सहायक संजीव शर्मा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव वर्ष में दो बार मनाया जाता है। उत्तर भारत में चैत्र पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। उत्तर भारत में मान्यता है कि चैत्र पूर्णिमा के दिन ही हनुमान जी का जन्म हुआ था। बताया कि दक्षिण भारत में कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। दक्षिण भारत में मान्यता है कि इस दिन भगवान हनुमान को माता सीता ने अमर होने का वरदान दिया था। इस अवसर पर हर्बल न्यूट्रिशन योगा ट्रेनर व प्रमुख समाजसेविका मनोरमा श्रोती, पंडित अर्जुन मिश्रा, हरपाल सिंह, संदीप जायसवाल, डाक्टर सुनील श्रोती, बृजेश यादव, गोपीनाथ सिंह, अजीत श्रीवास्तव, प्रदीप राणा, हिमांशु महेश्वरी, विकास विश्नोई, राजदीप यादव सहित सैंकड़ो श्रद्धालुगण व अधिकारीगण उपस्थित थे।

# 17वाँ स्वजातीय परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह समारोह का हुआ आयोजन

बरेली। कुर्मी क्षत्रिय सभा जनपद-बरेली के तत्वावधान में आज रविवार को 17वाँ स्वजातीय परिचय सम्मेलन एवं कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह बड़े ही धूमधाम एवं गरिमामयी वातावरण में आयोजित किया गया। यह आयोजन समाज में एकता, सहयोग एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक बना।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में छत्रपाल सिंह गंगवार (सांसद, बरेली) ने मंच की शोभा बढ़ाई। समारोह की अध्यक्षता एड. के.पी. सेन गंगवार (जिला अध्यक्ष) ने की, जबकि संचालन रघुवीर सिंह गंगवार (उपाध्यक्ष) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11 बजे समाजसेवी रमेश गंगवार, विधायक डॉ. एम.पी. आर्य, अध्यक्ष एड.के.पी.सेन गंगवार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण से हुई। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। दोपहर 1 बजे वैवाहिक परिचायिका का विमोचन किया गया।

# रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद में कराटे वेलफेयर सोसायटी द्वारा कराटे बैल्ट एग्जाम का आयोजन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो





गाजियाबाद। नेहरू नगर मे स्थित रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद में कराटे वेलफेयर सोसाइटी द्वारा कराटे बैल्ट एग्जाम का आयोजन किया गया। जिसमें अलग अलग स्कूलों के 72 खिलाड़ियों (महिला एवं पुरुष) ने भाग लिया। संस्था के महासचिव एवं आयोजनकर्ता राजीव मुंडेलवाल ने बताया कि खिलाड़ियों ने येलो बैल्ट, ऑरेंज बैल्ट, ग्रीन बैल्ट एवं ब्लू बैल्ट सहित आदि बैल्ट के लिए एग्जाम दिया। एग्जाम लेने के लिए मेरठ, मथुरा, गौतमबुद्धनगर, मोदी नगर के यूनाइटेड शोतोकान इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन, इंडिया के कराटे कोचों की टीम आयी हुई थी। जिनमें सीनियर मास्टर शिहान पवन सिरोही , रेनशी सिराज अहमद, शिहान रंजीत कुमार एवं सेंसेई लवली शर्मा थे। उन्होंने खिलाड़ियों से अब तक जो सीखा है उसकी जानकारी ली और आत्मरक्षा की कई तकनीक उन्हें सिखाई। संस्था के अध्यक्ष विजय कौशिक ने बताया कि इस एग्जाम में 8 साल से 18 साल के बालक एवं बालिकाओ ने भाग लिया। सभी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की। मुख्य अतिथि के रूप में शहर गाजियाबाद के विधायक संजीव शर्मा उपस्थित रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कराटे वाकई में आत्मरक्षा के लिए बेहतरीन साधन है। हम जब ट्रेनिंग में थे तो कराटे का भी अभ्यास करते थे। आज भारत में विभिन्न राज्यों में कराटे की टीम है जिनमे से कई खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियनशिप और कमन्वेल्थ खेले हैं। उन्होंने कहा कि भारत में इसी मार्शल आर्ट्स की वजह से कई बार सैनिक युद्ध मे अपनी जान बचा पाते हैं। हर किसी को कराटे सीखना चाहिए। ये सिर्फ खेल ही नहीं आत्मरक्षा का बेहतरीन साधन भी है। वरिष्ठ अथिति के रूप में पूर्व राज्य मंत्री एवं अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी निरपाल, चौधरी तेजपाल, रविंद्र चौहान, क्षेत्रीय पार्षद नीरज गोयल मौजूद थे। संस्था के संरक्षक बी एल बत्रा ने बताया कि येलो बैल्ट पाने वाले खिलाडियों में शगुन कोहली, मनुश्री, जीपेश सैनी, सिद्धार्थ, वर्णिका कौशिक, अद्विविका सिंघल, नाविका सिंघल, नव्या जैन, मान्या शर्मा, रुद्राक्षी त्यागी, यशवी चौहान, आराध्या तेवतिया, आराध्या, अवनी शर्मा, अनन्या सिंह, आरवी राठी, ऑरेंज बैल्ट में ओमप्रकाश, दक्ष शील, मानवी, अक्षिता कटियार, खुशी, अंश भंडारी, मोहित, भविष्य , शुभम पांडे, शिवांश पांडे , याशिका , राजन राठौर, राघव, विराट, दृष्टी सिंह, लेक्ष्या दिवाकर, भव्य बोरा, रीया श्रीवास्तव, निमिषा, लक्षिता गंजू, दृष्टि महतो, श्रेष्ठि तेवतिया, आर्य सिंह, पीहुल दीक्षित, पीहू शर्मा, अन्वी तिवारी, प्राप्ति मिश्रा, यश्वनी सैनी, खुशी सैनी, संस्कृति चौधरी, शिवन्या प्रभाकर, मान्या शेखरी, यशवनी शर्मा, ग्रीन बैल्ट में अवंतिका चौधरी, हिमांशु, सनी, अफताब अली , साहिन अक्तर, प्रियंका, परमोहन, पर्पल बैल्ट के लिए उत्कृष्टता सैनी, तारणि कौशिक, प्रिया अग्रवाल, मुनाझाज नदीम, कृति पांडेय थे।

इस अवसर पर कराटे वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक सुखपाल सिंह , कुणाल त्यागी, सुरेंद्र यादव, वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद कुमार तेवतिया, समाजसेवी लाखन सिंह चौहान, समाजसेवी पवन कुमार त्यागी, उपाध्यक्ष हरीश चावला एवं रोटरी क्लब के अध्यक्ष आर. टी.एन. राजकुमार गर्ग एवं सचिव आर.टी.एन डॉ प्रशांत मित्तल , कोषाध्यक्ष आर.टी.एन मनोज गर्ग एवं आर. टी. एन. नवीन गर्ग ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। सिहान नरेन्द्र सिंह, सिहान अभिनव शर्मा, सेंसेई तुषार ठाकुर, सेंसेई प्रगति सिसोदिया सदस्य आकाश ठाकुर आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाया।।

# सामाजिक समरसता मंच द्वारा विद्यार्थी गोष्ठी का आयोजन हुआ

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो






नोएडा। सामाजिक समरसता मंच नोएडा द्वारा समरसता सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थी गोष्ठी का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 12 में किया गया। यह गोष्ठी सामाजिक समरसता मंच नोएडा के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर की 134वीं जयंती एवं समरसता सप्ताह के अवसर आयोजित हुई और इस गोष्ठी का विषय सामाजिक समरसता से समाज सशक्तिकरण एवं समृद्धशाली राष्ट्र था जिसमें क्षेत्र के अनेक शिक्षाविदों, विद्यार्थियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मृत्युंजय पांडेय, प्रधानाचार्य इन्नोवेटिव इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ, ग्रेटर नोएडा ने की। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मोहित वर्मा ,विख्यात शिक्षाविद व समाजविज्ञानी ने अपने सारगर्भित संबोधन में सामाजिक समरसता को आधुनिक भारत के विकास की नींव बताया। उन्होंने कहा कि समरसता केवल सामाजिक सौहार्द का आधार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की अपरिहार्य शर्त है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रवींद्र किरकोले, अखिल भारतीय सह संयोजक सामाजिक समरसता ने वैश्विक संदर्भ में सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय मूल्यों की प्रशंसा करते हुए इसे विश्व-बंधुत्व का जीवंत उदाहरण बताया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने विचार प्रस्तुत किए। कविता, भाषण, निबंध तथा समूह चर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक समरसता विषय पर जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र और छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को विभिन्न प्रांतों से आए हुए गणमान्य अतिथियों ने सुशोभित किया जिनमे मेरठ प्रांत से यशपाल, अनिल, मनीषा विश्नोई, नोएडा विभाग से अजीत, गाजियाबाद से खेल अधिकारी पूनम विश्नोई इत्यादि रहे।

कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ प्रताप विश्नोई चार्टर्ड अकाउंट के मार्गदर्शन में संयोजक मंडल के सदस्यों वेदांत पांडेय, सुमित, तापस दास द्वारा सुव्यवस्थित रूप से किया गया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जी की जयन्ती के पावन अवसर पर स्वाभिमानस्वमान समारोह कार्यक्रम

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो




गाजियाबाद। नयागंज घंटाघर गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जी की जयन्ती के पावन अवसर पर #स्वाभिमानस्वमान समारोह कार्यक्रम अभिषेक घर प्रदेश सचिव एवं सतीश पार्चा महानगर अध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी के के संयोजन में नयागंज घंटाघर गाजियाबाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर दत्त एडवोकेट और संचालन सतीश पार्चा ने किया।। मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र यादव उपस्थित रहे। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा पी.डी.ए समाज को एकजुट होकर बाबा साहब की देन और धरोहर संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए पी.डी.ए आंदोलन को एक नई ऊर्जा और ताकत प्रदान करनी होगी। क्योंकि संविधान ही संजीवनी है, संविधान ही हमारी ढाल है। जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा तब तक हम सब का मान- सम्मान और स्वाभिमान सुरक्षित रहेगा। स्वमान के तहत हम सभी को अपने सौहार्दपूर्ण, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक मुल्यों के साथ अपनी स्वयं एकता के मूल्य को समझ कर इस पी .डी.ए समाज की एकजुटता शक्ति का मान बढ़ाना है। समाज में व्याप्त असमानता को दूर करने के लिए और अपने अधिकार को सुरक्षित करने के लिए पीडीए समाज को एकजुट होकर समाज को जागरूक करना होगा तभी हमारे आने वाली पीढ़ियां का भविष्य सुरक्षित रह सकता है।

इस अवसर पर विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कहा भारतीय जनता पार्टी और उनके संगी-साथियों के लिए बाबा साहेब सदैव से एक ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं, जिन्होंने संविधान बनाकर शोषणात्मक-नकारात्मक प्रभुत्ववादी सोच पर पाबंदी लगाई थी। इसीलिए ये प्रभुत्ववादी हमेशा से बाबा साहेब के खिलाफ रहे हैं और समय-समय पर उनके अपमान के लिए तिरस्कारपूर्ण बयान देते रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार PDA समाज के लोगों के साथ अन्याय और अत्याचार कर रही है। और उनका शोषण कर रही है। संविधान में मिले उनके हक और अधिकार को छीना जा रहा है। आरक्षण को खत्म करने की साजिश रची जा रही है । उनके साथ अमानवीय व्यवहार यह सरकार कर रही है। आज शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है। बेरोजगारी महंगाई बढ़ती जा रही है । लेकिन यह सरकार गूंगी बहरी बनी हुई है । कार्यक्रम के आयोजक प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने अपने संबोधन में कहा की समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का मानना है की पी. डी .ए को उसका हक और अधिकार मिले। समाज मे एक न्याय पूर्ण व्यवस्था लागू हो। गरिमा पूर्ण जीवन का अधिकार मिले। समानता, बंधुत्व, प्रेम और भाई चारे की बात हो। जिससे पी. डी .ए समाज राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल होकर देश की प्रगति में अपना योगदान दे सके। विचार गोष्ठी को प्रमुख रूप से डॉ अबरार अल्वी, राजेंद्र यादव, असलम कुरैशी ,देवव्रत धामा, अंशु ठाकुर, राजवीर सिंह गौतम अलाउद्दीन अब्बासी ,सौदान गुर्जर ,गुलाब यादव आदि ने संबोधित किया

इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजन कश्यप महानगर महासचिव, इरफान अमानत संजीव चौधरी ,ताहिर हुसैन विक्की ठाकुर ,रोहित माथुर ,जगमोहन टॉक, शाहनवाज खान, शहजाद, मोहम्मद गालिब ,सुरेंद्र यादव, खालिद बुखारी ,राजेश सूद ,मंजूर खान ,मुस्तफा ,सुनील जाटव ,राम प्रकाश जाटव ,बुद्ध प्रकाश जाटव ,ओमपाल जाटव, संजीव जाटव, राम सिंह जाटव, संजय गौतम, वीर सिंह जाटव, विक्रम मौर्य सचिन गौतम, राजेश गौतम, उमेश कश्यप ,आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## हैडली को लाने की भी हो कोशिश

लगभग डेढ़ दशक के प्रयासों के बाद, देश को दहला देने वाले मुंबई आतंकी हमले के सूत्रधार रहे पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण हमारी बड़ी कानूनी व कूटनीतिक जीत है। यह सफलता तब ही पूर्ण मानी जाएगी जब इस साजिश में बड़ी भूमिका निभाने वाले डेविड कोलमैन हेडली का भारत प्रत्यर्पण हो सकेगा। जिसने मुंबई हमले से पूर्व आतंकियों द्वारा निशाने पर लिए गए जगहों की कई बार रेकी करके आतंकी सरगनाओं की मदद की थी। निश्चय की तहव्वुर राणा का भारत लाया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि जांच के बाद मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान सरकार तथा आईएसआई की भूमिका व पाक स्थित आतंकी संगठनों के खतरनाक मंसूबों का खुलासा हो सकेगा। सही मायनों में यह हमारी खुफिया एजेंसियों की भी कठिन परीक्षा होगी कि इस साजिश की तह तक कैसे पहुंचा जाए। भारतीय खुफिया एजेंसियां से यदि इस बड़ी साजिश की कड़ियां सही तरह से जोड़ पायी तो आतंकवाद की उर्वरा भूमि बने पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब किया जा सकेगा। यही वजह है कि 26/11 के दहला देने वाले मुंबई हमले के सूत्रधार तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पण करने के रास्ते अवरोध खड़े करने में प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर पाक समर्थकों द्वारा कोशिशें की गई। वे सारे कानूनी उपाय अपनाए गए जो राणा का प्रत्यर्पण रोक सकते थे। बहरहाल, इस प्रत्यर्पण से उन शहीदों के परिजनों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, जिनकी इस आतंकी हमले में मृत्यु हुई थी। अब तक उनके परिजनों को इस बात का मलाल था कि सोलह साल बाद भी सभी अपराधियों को सजा नहीं मिली सकी है। साथ ही राणा की पूछताछ से होने वाले खुलासों से आतंकवाद की पाठशाला बने पाकिस्तान को अलग-थलग करने के प्रयासों को भी बल मिलेगा। निश्चित रूप से तहव्वुर राणा के खिलाफ भारतीय कानून व न्याय व्यवस्था के मानकों के अनुरूप ही कार्रवाई होगी। साथ ही अजमल कसाब की तरह उसकी अपनी बात कहने को कानूनी मदद भी दी जाएगी। हालांकि, अब तक पाकिस्तान मुंबई आतंकी हमले में अपना हाथ होने से लगातार इनकार करता रहा है, लेकिन सभी प्राथमिक सूचनाएं और ठोस सबूत पाक की तरफ इशारा करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वह अपनी धरती पर कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के बड़े गुर्गों को संरक्षण देकर उनका बचाव करता रहा है। ऐसे में हमारी जांच एजेंसियों के अधिकारी तहव्वुर राणा से सख्त पूछताछ से सच्चाई सामने लाने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही ठोस निष्कर्षों के आधार पर पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है कि वह अपनी जमीन आतंकवादियों को पालने-पोसने में इस्तेमाल न होने दे। इसके अलावा आतंकी संगठनों पर पर्याप्त दबाव बनाए, ताकि फिर मानवता के खिलाफ मुबई हमले जैसे घटनाक्रम न दोहराए जा सकें। बहरहाल, तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण पाकिस्तान तथा दूसरे देशों में भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे लोगों व संगठनों के लिये साफ संदेश गया है कि इंसानियत के दुश्मन दुनिया के किसी भी कोने में कानून की ओट में बच नहीं सकते। साथ ही पाकिस्तान को आईना दिखा दिया गया है जो तहव्वुर राणा को कनाडा का नागरिक बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा था। निश्चित रूप से इस सफलता में भारत के राजनीतिक व कूटनीतिक प्रयासों की भी बड़ी भूमिका रही है। भारतीय अधिकारियों ने इस दिन के लिये कड़ी मेहनत की। हालांकि, अभी इस रहस्य से पर्दा उठना बाकी है कि अमेरिका ने क्यों अपने नागरिक डेविड कोलमैन हेडली को भारत को सौंपने से परहेज किया। जबकि उसने इस बड़े अपराध में बड़ी भूमिका निभाई थी। हेडली व राणा आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकी संगठनों व पाक खुफिया एजेंसियों के संपर्क में लगातार बने रहे थे। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए की तहव्वुर राणा से कड़ी पूछताछ के बाद भारतीय एजेंसियां मुंबई हमले में इस्लामाबाद की भूमिका, पाक सत्ता प्रतिष्ठानों की करतूतों,आईएसआई के नेटवर्क व आतंकी संगठनों को दी जाने वाली आर्थिक मदद की हकीकत देश-दुनिया के सामने ला सकेंगी।

# बाबा साहेब ने सामाजिक ढांचे में क्रांतिकारी

**बाबा साहेब के नाम से दुनियाभर में लोकप्रिय डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज सुधारक, दलित राजनेता, महामनीषी, लोकनायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, पत्रकार, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व होने के साथ ही विश्व स्तर के विधिवेत्ता व भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे। डॉ. अम्बेडकर विलक्षण एवं अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे, उनके व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता, प्रचंड संग्रामी स्वभाव का मणिकांचन मेल था। वे अनन्य कोटि के नेता थे, जिन्होंने अपना समस्त जीवन समग्र भारत की कल्याण-कामना, संतुलित समाज रचना में उत्सर्ग कर दिया। खासकर भारत के अस्सी प्रतिशत दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त थे, उन्हें इस अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. अम्बेडकर का जीवन संकल्प था।**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारत की परिस्थितियों को एक संतुलित, भेदभावरहित, समानता एवं समतामूलक समाज की निगाह से देखते रहे एवं दलित जाति के साथ जुड़े सामाजिक और आर्थिक भेदभावों को समाप्त करने के लम्बा संघर्ष किया। इस महान क्रांतिकारी महायोद्धा की जन्म जयन्ती का अवसर न केवल उनके जीवन और संघर्षों को याद करने का मौका है, बल्कि न्याय, सामाजिक समानता और मानव अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करने का अवसर भी है। डॉ. अंबेडकर एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, विधिवेत्ता और भारतीय इतिहास के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में से एक थे। भारत की स्वतंत्रता के बाद, डॉ. अंबेडकर को संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्होंने भारतीय संविधान को एक लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी दस्तावेज के रूप में तैयार किया। संविधान में उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को मूल आधार बनाया। उन्होंने दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की ताकि उन्हें समान अवसर मिल सके। उनका यह कार्य भारत के सामाजिक ढांचे में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में एक गरीब अस्पृश्य परिवार में हुआ था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको अपना बचपन कष्टों में बिताना पड़ा। संघर्ष एवं कष्टों की आग में तपकर उन्होंने न केवल स्वयं का विकास किया वरन भारत के समग्र विकास का वातावरण निर्मित किया। वे नई मानव सभ्यता एवं संस्कृति के प्रेरक एवं पोषक थे। मनुष्य सदैव सत्य की तलाश में निरन्तर प्रयासरत रहा है और ऐसे ही समस्त जातिगत भेदभाव एवं असामनता पर प्रहार करने एवं उनको नेतृत्व देने के लिये डॉ. अम्बेडकर को याद करना एक आदर्श एवं संतुलित समाज निर्माण के संकल्प को बल देना है। डॉ. अंबेडकर ने केवल सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में ही नहीं



बल्कि राजनीतिक क्षेत्र में भी बहुत अहम भूमिका निभाई। वे हमारे युग के महानतम नायक थे, उनके क्रियाकलापों में किंचित मात्र भी स्वार्थ नहीं था। बहु-भाषाविद्, धर्म दर्शन के विद्वान और समाज सुधारक बाबा साहेब ने भारत में अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। डॉ. अंबेडकर ने समाज में फैली जातिगत असमानता और छुआछूत के विरुद्ध व्यापक आंदोलन चलाए। उन्होंने महाड तालाब सत्याग्रह और कालाराम मंदिर प्रवेश आंदोलन जैसे ऐतिहासिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। इन आंदोलनों का उद्देश्य यह था कि दलितों को सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों, और संसाधनों पर समान अधिकार मिले।

बाबा साहेब के नाम से दुनियाभर में लोकप्रिय डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज सुधारक, दलित राजनेता, महामनीषी, लोकनायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, पत्रकार, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व होने के साथ ही विश्व स्तर के विधिवेत्ता व भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे। डॉ. अम्बेडकर विलक्षण एवं अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे, उनके व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता, प्रचंड संग्रामी स्वभाव का मणिकांचन मेल था। वे अनन्य कोटि के नेता थे, जिन्होंने अपना समस्त जीवन समग्र भारत की कल्याण-कामना, संतुलित समाज रचना में उत्सर्ग कर दिया। खासकर भारत के अस्सी प्रतिशत दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त थे, उन्हें इस अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. अम्बेडकर का जीवन संकल्प था। वे भारतीय राजनीति की एक धुरी की तरह थे, जो आज दुनियाभर के लिये एक अत्यंत महत्वपूर्ण दलित मसीहा एवं संतुलित समाज संरचना के प्रेरक महामानव है।

डॉ. अम्बेडकर धार्मिक विचारों के व्यक्तित्व थे, सन 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया। डॉ. अम्बेडकर की बढ़ती लोकप्रियता और जन समर्थन के चलते उनको 1931 में लंदन में आयोजित दूसरे गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। 1936 में उन्होंने स्वतंत्र लेबर पार्टी की स्थापना की जो 1937 में केन्द्रीय विधान सभा चुनावों में 15 सीटें जीतने में सफल रही। उन्होंने अपनी पुस्तक जाति के विनाश भी 1937 में प्रकाशित की जो उनके न्यूयॉर्क में लिखे एक शोधपत्र पर आधारित थी। इस लोकप्रिय पुस्तक में अम्बेडकर ने हिंदू धार्मिक नेताओं और जाति व्यवस्था की जोरदार आलोचना की थी। उन्होंने अस्पृश्य समुदाय के लोगों को गांधीजी द्वारा रचित शब्द हरिजन पुकारने के कांग्रेस के फैसले की भी कड़ी निंदा की थी। वे सच्चे अर्थों में एक महान क्रांतिकारी युगपुरुष थे, जिनके जीवन का सार है कि क्रांति लोगों के लिये होती है, न कि लोग क्रांति के लिये होते हैं।

डॉ. अम्बेडकर ने विज्ञान और तकनीक के जरिये देश के विकास का सपना देखा था। बाबासाहब नई तकनीक के इस्तेमाल के पक्षधर थे। डॉ. अंबेडकर देश के तकनीकी विकास के लिए संकल्पित थे। उन्होंने पहले संसदीय चुनाव (1951-52) के पहले घोषणा पत्र में कहा था कि खेती में मशीनों का प्रयोग होना चाहिए। भारत में अगर खेती के तरीके आदिम बने रहेंगे, तो कृषि कभी भी समृद्ध नहीं हो पाएगी। मशीनों का प्रयोग संभव बनाने के लिए छोटी जोत की बजाय बड़े खेतों पर खेती की जानी चाहिए। बाबा साहब निम्न जाति में जन्म लेने के बावजूद कर्म से ब्राह्मण थे। आप किस जाति में पैदा होते हैं यह मायने नहीं रखता। मायने रखता है सिर्फ और सिर्फ आपका अपना कर्म। निम्न कर्म से व्यक्ति निम्न होता है, और उच्च कर्म से ही व्यक्ति उच्च होता है। अतएव हम कह सकते हैं की डॉ. अम्बेडकर सामाजिक समरसता के सूत्रधार थे।

डॉ. अंबेडकर शिक्षा के क्षेत्र में बेहद प्रतिभाशाली थे। उन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया और फिर स्कॉलरशिप की मदद से अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से एम.ए. और पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद वे इंग्लैंड गए और वहाँ से बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त की। विदेश में रहते हुए उन्होंने महसूस किया कि शिक्षा ही वह हथियार है जिससे सामाजिक असमानता को समाप्त किया जा सकता है। भारत लौटने के बाद, उन्होंने न केवल वकालत शुरू की बल्कि सामाजिक एवं राजनैतिक आंदोलन का भी नेतृत्व किया। गुलामी की मानसिकता एवं पहले से चली आ रही जातीय भेदभाव एवं ऊंचनीच की विभीषिकाओं ने दलित एवं पिछडे. लोगों की मानसिकता कुंठित कर दी और वे अपने आपको दिशाविहीन समझ रहे थे, ऐसे दौर में डॉ. अम्बेडकर एक रोशनी बन कर प्रकट हुए। उनके नेतृत्व में दलित एवं मजदूर वर्ग समूचे भारत में संगठित होकर एक बड़ी शक्ति के रूप में उभरा। वे चाहते थे कि अछूत लोग ग्रामीण समुदाय और पारंपरिक नौकरियों के बंधन से मुक्त हों। वह चाहते थे कि अछूत लोग नए कौशल प्राप्त करें और एक नया व्यवसाय शुरू करें तथा औद्योगीकरण का लाभ उठाने के लिये शहरों की ओर रुख करें।

जब 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार बनी तो उसमें डॉ. अम्बेडकर को देश का पहला कानून मंत्री नियुक्त किया गया। 29 अगस्त 1947 को डॉ. अम्बेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना के लिए बनी संविधान मसौदा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। डॉ. अम्बेडकर ने मसौदा तैयार करने के काम में सभी की प्रशंसा अर्जित की। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने संविधान को अपना लिया। 1951 में संसद में अपने हिन्दू कोड बिल के मसौदे को रोके जाने के बाद डॉ. आम्बेडकर ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। इस मसौदे में उत्तराधिकार, विवाह और अर्थव्यवस्था के कानूनों में लैंगिक समानता की मांग की गयी थी। डॉ. अम्बेडकर वास्तव में समान नागरिक संहिता के पक्षधर थे और कश्मीर के मामले में धारा 370 का विरोध करते थे। बाबासाहेब अंबेडकर के परिप्रेक्ष्य में संवैधानिक नैतिकता का अर्थ विभिन्न लोगों के परस्पर विरोधी हितों और प्रशासनिक सहयोग के बीच प्रभावी समन्वय करना था। उनके अनुसार, भारत को जहाँ समाज में जाति, धर्म, भाषा और अन्य कारकों के आधार पर विभाजित किया गया है, एक सामान्य नैतिक विस्तार की आवश्यकता है तथा संविधान उस विस्तार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 1990 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से मरणोपरांत सम्मानित किया गया था।

# संघीय कशमकश और तमिल राजनीति

पिछले कुछ महीनों में तमिलनाडु सरकार ने तीन भाषा सूत्र, चुनाव-क्षेत्र परिसीमन और नीट परीक्षा जैसे मसलों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। तीनों मामलों के कारण राजनीतिक कोलाहल तो हुआ है, पर बुनियादी तौर पर कुछ हुआ नहीं है। यह सब अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा के चुनाव की पूर्व-पीठिका तैयार कर रहे हैं।

तमिलनाडु विधानसभा से पास होने के बावजूद दस विधेयकों को रोक कर रखने के राज्यपाल आरएन रवि के फैसले को अवैध करार देते हुए उच्चतम न्यायालय ने एक संवैधानिक पेच को दुरुस्त जरूर किया है, पर इससे केंद्र-राज्य संबंधों और राज्यपालों की भूमिका से जुड़ी पहेलियों का हल पूरी तरह अब भी नहीं होगा। हाल के वर्षों में कुलपतियों की नियुक्ति, राज्य विधान परिषदों में नामांकन और राज्यपाल द्वारा पारंपरिक अभिभाषण के संपादन या सदन को बुलाने पर दुर्भाग्यपूर्ण रस्साकशी तो हुई ही है, विधानमंडलों से पारित विधेयकों को मंजूरी देने में देरी या इनकार जैसे कार्य भी हुए हैं।

विधानमंडल से पास हुए विधेयकों को रोकने की शक्ति को लेकर 2023 में, पंजाब राज्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि राज्यपाल निर्वाचित विधायिका द्वारा पारित विधेयकों पर समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए बाध्य हैं। अदालत के इस बार के फैसले ने उस समयबद्धता को परिभाषित भी कर दिया है। इससे विधानमंडल से पास हुए विधेयकों के बारे में राज्यपालों का विशेषाधिकार सीमित हो गया है।

इस निर्णय का महत्व तमिलनाडु के राज्यपाल की निंदा से कहीं अधिक है। राज्यपाल अब जांच के बहाने कानून को अनिश्चितकाल तक विलंबित नहीं कर सकते। न्यायालय ने एक संवैधानिक सिद्धांत की पुष्टि की है कि राजभवनों को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए। अब सिद्धांत यह बना है कि किसी विधेयक को जब विधानमंडल दुबारा राज्यपाल के पास भेजें, तब उसे स्वीकृति दे दी जानी चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल को शीघ्रता से काम करना चाहिए और किसी विधेयक को अनिश्चितकाल तक रोककर वे पॉकेट वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकते। अनुच्छेद 200 को अनुच्छेद 163 के साथ पढ़ा जाना चाहिए, जो राज्यपाल को कैबिनेट की सलाह पर काम करने के लिए बाध्य करता है। यदि कैबिनेट की सलाह के विपरीत राज्यपाल किसी विधेयक को मंजूरी नहीं देते हैं या उसे सुरक्षित रखते हैं, तो उन्हें ऐसा तीन महीने के भीतर करना होगा। दोबारा पारित विधेयकों के लिए समय-सीमा घटाकर एक महीना कर दी गई है।

राज्यपालों के मामले में भारत का अनुभव निराशाजनक रहा है। इस पद का दुरुपयोग लगभग सभी ताकतों ने अलग-अलग वक्त पर किया है। दिल्ली में जिसकी सरकार रही उसने राज्य सरकारों को बर्खास्त करने में राज्यपालों का सहारा लिया। दशकों से देश राज्यपालों की भूमिका को लेकर विमर्श कर रहा है, पर रास्ता अभी तक नहीं निकला है। हां, इतना जरूर हुआ कि सुप्रीम कोर्ट के बोम्मई मामले में फैसले के बाद राज्यों में सरकारों की बर्खास्तगी का चलन खत्म हो गया और सरकारों के बनने-बिगड़ने का स्वीकृत सिद्धांत बन गया। इस बार के फैसले से राज्यों की प्रशासनिक स्वायत्तता बढ़ेगी और संवैधानिक पदों का कामकाज नियंत्रित होगा, जिसका प्रभाव पूरे देश पर पड़ेगा। यह न्यायिक-हस्तक्षेप ऐसे समय में हुआ है, जब गैर-भाजपा दलों द्वारा शासित राज्यों में राज्यपालों और सरकारों के बीच तनाव चरम पर है। इस संवैधानिक सफलता का राजनीतिक श्रेय एमके स्टालिन की डीएमके सरकार को जाता है, पर वहीं मेडिकल प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट से छूट हासिल करने में तमिलनाडु सरकार को मुंह की खानी पड़ी है।

इस मामले को लेकर भी वे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं, पर यह मामला उतना सरल नहीं है, जितना राज्यपालों के विशेषाधिकार का है। इस दौरान नीट को लेकर कई तरह की शिकायतें सामने आई हैं, पर उच्चतम न्यायालय ने उसे लगातार बरकरार रखा है।

# हरियाणवी सिनेमा की 'मां' ऊषा अब भोजपुरी इंडस्ट्री में भी मचाएंगी धूम

**सुरेंद्र मलानिया**

बागपत। हरियाणवी फिल्मों में मां के किरदार को जीवंत करने वाली जानी-मानी अभिनेत्री ऊषा अब भोजपुरी सिनेमा में भी अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। 500 से अधिक फिल्मों का हिस्सा बन चुकी ऊषा की लोकप्रियता का आलम यह है कि अब भोजपुरी इंडस्ट्री भी उनके अनुभव और अदाकारी का लाभ उठाने को आतुर है।

उत्तर कुमार के साथ रखा करियर का पहला कदम-ऊषा ने अपने करियर की शुरूआत हरियाणवी सिनेमा के सुपरस्टार उत्तर कुमार के साथ की थी। हालांकि आम धारणा के विपरीत, उनकी पहली फिल्म 'धाकड़ छोरा' नहीं थी। उन्होंने उत्तर कुमार के साथ फिल्म शान में मां का किरदार निभाते हुए अभिनय की दुनिया में प्रवेश किया।

पहली फिल्मों से ही मिली पहचानस्त्र ऊषा की शुरूआती फिल्मों में शान और अकड़ 2, इन फिल्मों ने हरियाणवी बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन किया और ऊषा के अभिनय को दर्शकों से सराहना मिली। खासतौर पर ग्रामीण और देहाती इलाकों में उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। उनके किरदारों में भावनाओं की गहराई और ममतामयी स्पर्श साफ झलकता है, जिसने उन्हें हर वर्ग के दर्शकों का चहेता बना दिया।



500 से अधिक फिल्मों में दमदार मां के किरदार-अपने करियर के दो दशकों में ऊषा ने 500 से अधिक फिल्मों में मां, दादी और समाज की रीढ़ जैसे महत्वपूर्ण किरदार निभाए। उनकी कुछ चर्चित फिल्मों के नाम इस प्रकार है। जिसमें शान, अकड़ 2, रामकली, जुल्म, हिम्मत वाली, किसानी आदि है।

हर फिल्म में उन्होंने अपने किरदार को इस तरह निभाया कि दर्शकों को वास्तविकता का अहसास हुआ। उनकी सादगी, दमदार संवाद अदायगी और स्वाभाविक अभिनय शैली ने उन्हें एक अलग पहचान दी है।

भोजपुरी इंडस्ट्री में नई पारी की शुरूआत-हरियाणवी और देहाती भाषा की फिल्मों में जबरदस्त लोकप्रियता के बाद अब ऊषा भोजपुरी इंडस्ट्री में भी एंट्री करने जा रही हैं। भोजपुरी निमार्ताओं को उम्मीद है कि ऊषा की मौजूदगी से उनकी फिल्मों को पारिवारिक भावनाओं और संस्कारों की मजबूत डोज मिलेगी, जो इस भाषा के दर्शकों को बेहद पसंद आती है।

भविष्य की योजनाएं और दर्शकों से उम्मीदें-सूत्रों के अनुसार, ऊषा बहुत जल्द भोजपुरी में अपनी पहली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी, जिसमें वे एक पारंपरिक, संघर्षशील मां के रोल में नजर आएंगी। उनके फैंस को उम्मीद है कि हरियाणवी फिल्मों की तरह वे भोजपुरी सिनेमा में भी अपने किरदारों से भावनाओं की गहराई को दर्शकों तक पहुंचाएंगी।

ऊषा की प्रतिक्रिया-ऊषा ने अपने नए सफर को लेकर कहाः मुझे खुशी है कि हरियाणा और देहात की धरती से मिले प्यार को अब भोजपुरी की मिट्टी में भी महसूस करने का मौका मिलेगा। मैं पूरी ईमानदारी और दिल से काम करूंगी, ताकि हर किरदार में सच्चाई और संवेदनशीलता झलके। दर्शकों का प्यार ही मेरी असली पूंजी है।

# अनुमति मिलने के बाद खाली होगा नजूल भूमि पर बना सपा का कार्यालय

## पिछले साल जिला प्रशासन व नगर निगम उठाए कदम को बाद में पीछे खींच लिया था

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद। महानगर के चक्कर की मिलक में नगर निगम की नजूल भूमि पर कोठी संख्या 4 सपा कार्यालय को खाली कराकर उसे सरकारी उपयोग में लेने के लिए मंडलायुक्त ने शासन को पत्र लिखकर अनुमति मांगी है। शासन से पत्र आने का इंतजार है।

नगर आयुक्त के द्वारा 27 मार्च को भेजे पत्र के आधार पर मंडलायुक्त ने 28 मार्च को प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास विभाग लखनऊ को पत्र लिखा। इसमें मुरादाबाद के चक्कर की मिलक स्थित नजूल भूखंड संख्या 322 ग्राम छावनी के अंशभाग 953.71 वर्गमीटर राजस्व रिकॉर्ड में इस पर बनी कोठी संख्या 4 के नाम से दर्ज है और लगभग 953.71 वर्ग मीटर में बने कोठी संख्या 4 को 1994 में सपा कार्यालय को लीज पर दिया गया था। लीज की अवधि समाप्त होने के बाद नगर आयुक्त ने इसे खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की।

इसके क्रम में 28 मार्च को मंडलायुक्त आंनजनेय कुमार सिंह ने शासन के प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग लखनऊ को पत्र लिखा। इसमें इस कोठी का आंवटन निरस्त कर इसको सरकारी प्रयोग में लेने के लिए शासन में निहित करने के लिए अनुमति व दिशा निर्देश मांगा था। इस पत्र के जवाब का अभी इंतजार है। जैसे ही शासन इसकी अनुमति देगा सपा कार्यालय को खाली कराकर उसे सरकारी प्रयोग में लेने की पूरी तैयारी है।




**28 जुलाई 1994 को हुआ था सपा कार्यालय का उद्घाटन**

कोठी संख्या 4 को सपा को लीज पर आवंटित किया गया था। इसके बाद इस कोठी पर सपा कार्यालय का उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के हाथों व तत्कालीन नगर विकास व जलापूर्ति मंत्री रमाशंकर कौशिक की अध्यक्षता में हुआ था। जब सपा के जिलाध्यक्ष भगवानदास शर्मा थे।

**कभी आईपीएस अधिकारियों का निवास हुआ करता था सपा कार्यालय**

सिविल लाइन के क्षेत्र के चक्कर की मिलक में स्थित कोठी नम्बर 4 को 1994 में मुरादाबाद के तत्कालीन डीएम सतीश द्विवेदी ने समाजवादी पार्टी को आवंटित कर दिया था। पीटीसी के सामने सरकारी आला अधिकारियों के लिए बनी इस कोठी में पूर्व में कई आईपीएस अधिकारी परिवार के साथ रह चुके हैं। नगर आयुक्त की सिफारिश पर कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह ने नगर विकास के प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर अब इस आवंटन को शासन हित में निरस्त करने की सिफारिश की है।

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह का कहना है कि चक्कर की मिलक स्थित नजूल भूखंड संख्या 322 ग्राम छावनी के अंशभाग पर निर्मित कोठी संख्या 4 का आवंटन निरस्त करने के संदर्भ में नगर आयुक्त के पत्र को मैंने शासन में प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग लखनऊ और जिलाधिकारी मुरादाबाद को संदर्भित कर दिया था। इस पर कार्रवाई शासन और जिलाधिकारी व नगर आयुक्त के स्तर पर होना है। मैंने केवल इसे संज्ञानित कराया है।

# थाना धनारी पहुँच कर जिलाधिकारी ने सुनी जनसामान्य की समस्याएं

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

संभल / धनारी शासन के मंशानुरूप थाना समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन थाना धनारी में किया गया ।

जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चत कराए ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े।पैमाइश से संबंधित शिकायतों को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि उदरनपुर अजमत नगर में पैमाईश से संबंधित शिकायतों को लेकर एक कैम्प लगाया जाए।



थाना समाधान दिवस के अंतर्गत थाना धनारी में 7 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनके तत्काल निस्तारण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड गुन्नौर के ग्राम दिनौरा एवं प्राथमिक विद्यालय दिनौरा का निरीक्षण किया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# दस बजे दस मिनट पूर्वजों के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

गोड्डाः स्थानीय शहीद स्मारक पर रविवार को देश के स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदो के वंशज व परिजनों द्वारा प्रस्तावित देशव्यापी कार्यक्रम ₹दस बजे दस मिनट अपने पूर्वजों के नाम₹ के तहत नियत समय पर स्थानीय शहीद स्तम्भ परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ ' उक्त आशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक व जमनी पहाड़पुर के स्वतंत्रता सेनानी स्व. छेदी प्रसाद झा के पुत्र दिवाकांत झा ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल अंग क्षेत्र के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पंडित रणजीत झा के तृतीय पुत्र सह लोक मंच सचिव सर्वजीत झा ₹अंतेवासी₹, तृतीय पुत्र व विभिन्न खेल संघ सचिव सुरजीत झा, महेशपुर के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी स्व. शुद्धदेव झा ₹उत्पल₹ के परिजन सुनील कुमार झा एवं स्व. बरूची झा के पुत्र कुंतेश कुमार झा तथा स्वतंत्रता सेनानी स्व. हलधर वैद्य के पुत्र आशुतोष कुमार वैद्य के अलावा राम नगर गोड्डा के विक्रम कुमार यादव ने राष्ट्रपिता बापू एवं लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के पश्चात स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के सम्मान में जयकारे लगाकर अपने पूर्वजों के साथ- साथ देश की आजादी में शामिल सभी संग्रामियों के प्रति श्रद्धाभाव एवं आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का समापन परंपरानुसार राष्ट्रगान से हुआ।



# महिला जागरुकता से ही कुरीतियों पर लगाम : डालसा

## जिले के विभिन्न प्रखंडों में गहन साक्षरता व विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गोड्डा : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों में रविवार को विधिक साक्षरता सह विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड के लीगल एड क्लिनिक की टीम ने ग्रामीणों को कानूनी व सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। इसी कड़ी में माल रामपुर गांव में आयोजित शिविर में डालसा की ओर गठित टीम में शामिल अधिकार मित्र दिलीप यादव व मीनू बेसरा ने कहा कि बाल विवाह का आंकड़ा राज्य में सबसे अधिक है। ऐसे में महिलाएं ही इस कुप्रथा पर लगाम लगा सकती हैं। बाल विवाह कानूनन अपराध है। इसके लिए उभय पक्षों के अलावा पंडित, मौलवी, बाराती सहित शामिल होने वालों के लिए सजा व जुमार्ना का प्रावधान है। इसके लिए जन जागरुकता की जरुरत है। कुरीतियों पर लगाम लगाने के लिए ही विद्यालयों में लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन किया जाता है ।उन्होंने कहा कि वर्तमान में मोबाइल का सोच समझकर इस्तेमाल करें। किसी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक खाता, एटीएम नंबर, आधार नंबर आदि को साझा नहीं करें। बच्चों को भी मोबाइल के इस्तेमाल पर भी नजर रखने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि डायन कहकर गाली देना दंडनीय अपराध है। इसके लिए सजा का प्रावधान है। इस वैज्ञानिक युग में डायन, भूत, प्रेत , ओझा गुनी आदि को मान्यता नहीं दी जाती है। इसलिए ऐसे विवादों से दूर रहें। छोटे- छोटे विवाद को आपसी समझौते के माध्यम से समाधान कराने की दिशा में पहल करने का आह्वान किया। इसके अलावा विभिन्न प्रखंडों के लीगल एड क्लिनिकों में भी शिविर लगाकर ग्रामीणों को जानकारी दी गई।



# केमिकल डालकर विहान बोर्ड प्राइवेट लिमिटेड ने सुखा दिया हरे पेड़ों को !

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद। कांठ रोड स्थित दीवान शुगर्स लिमिटेड की एक यूनिट विहान बोर्ड प्राइवेट लिमिटेड की प्लाई फैक्ट्री में यूकेलिप्टस के पेड़ों की लकड़ियों का अधिक इस्तेमाल होता है।

अपनी फैक्ट्री की बाउंड्रीवाल के आगे रोड पर लगे हरे पेड़ों को फैक्ट्री मालिक ने केमिकल डालकर सुखा दिया। अब उसे इस सूखे हुए पेड़ों को कटवाने में आसानी होगी और उसकी फैक्ट्री दूर से ही लोगों को दिख जाएगी। हालांकि वन विभाग कह रहा है, वह फैक्ट्री मालिक के खिलाफ कार्रवाई करेगा, क्योंकि जिन पेड़ों को सुखाया गया है। वह

यूकेलिप्टस के पेड़ हैं। यह आसानी सूखने वाले नहीं हैं।

यहां बता दें कि सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र स्थित विहान बोर्ड प्राइवेट लिमिटेड के सामने वन विभाग ने कई वर्षों पहले पौधे लगाए थे, जो अब बड़े होकर विशालकाय वृक्ष बन चुके हैं। इस बीच वहां पर प्लाई बनाने वाली फैक्ट्री आ गई। ग्रामीणों का आरोप है कि इन पेड़ों की जड़ों में केमिकल डाला गया है,जिससे ये हरे भरे पेड़ सूख गए हैं।

**प्लाई फैक्ट्री में इस्तेमाल होते हैं यूकेलिप्टस के पेड़**

कांठ रोड स्थित दीवान शुगर्स लिमिटेड की एक यूनिट विहान बोर्ड प्राइवेट लिमिटेड की प्लाई फैक्ट्री में यूकेलिप्टस के पेड़ों की लकड़ियों का अधिक इस्तेमाल होता है। वहां कर्मचारियों और ग्रामीणों का कहना है कि एक तो फैक्ट्री सामने से दिख जाएगी और दूसरी यूकेलिप्टस लकड़ी धीरे-धीरे फैक्ट्री के अंदर चली जाएगी।

**हर वर्ष वन विभाग लगाता है पौधे**

हर वर्ष वन विभाग की ओर से लाखों पेड़ लगाए जाते हैं। इन पेड़ों में बहुत कम पौधे पेड़ के लिए तैयार होते है। कुछ पेड़ देख रेख के अभाव में सूख जाते है,तो कुछ को ऐसे फैक्ट्री मालिक केमिकल डालकर सुखा देते हैं

**फैक्ट्री के सामने लगे यूकेलिप्टस के सूखे पेड़।**

वहीं कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कांठ रोड पर सारे पेड़ हरे भरे हैं। हरे भरे पेड़ों की वजह से वाहनों से निकलने वाला धुंआ पेड़ सोख लेते हैं,जिससे बीमारियां नहीं फैलती है। मगर इस फैक्ट्री के आगे के सारे पेड़ कोई केमिकल डालकर सुखा दिए हैं। इन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**फैक्ट्री मालिक के खिलाफ कार्रवाई करेंगे : वन विभाग**

वन विभाग के रेंजर गिरीश चंद्र ने बताया कि अचानक यूकेलिप्टस के सारे पेड़ एक साथ नहीं सूखते हैं। अगर प्लाई बनाने वाली फैक्ट्री के आगे के ही पेड़ सूखे हैं तो फैक्ट्री मालिक के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

# वृन्दावन में गुरु का हुआ अर्पण, शिष्य की चन्द्रपोशी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में सनातन धर्म का पताका को वैश्विक स्तर पर शिखर तक सम्मानित आचार्य पद वाले जगतगुरु रामानंद श्री रामभद्राचार्य के शनिवार को छत्तीसगढ़ कुजर्ट में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रसिद्ध भजन गायक चित्र-विचित्र महाराज द्वारा प्रस्तुत भजनों से हुआ। इसके बाद संतों और महंतों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए जगतगुरु रामभद्राचार्य को मठाधीशों की उपाधि दी। समारोह के दौरान महंत गोपीकृष्ण दास द्वारा आचार्य जगतगुरु श्रीराम भद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचन्द्र दास को विधि दंड चंद्र ओधाकर छत्तीसगढ़ कुंज के महंत पद की गरिमा प्रदान की गई। ऑपरेशन वकील विवेकानन्द उपाध्याय एवं मृदुल कांत शास्त्री ने किया। इस दौरान अयोध्या में हनुमानगढ़ी के श्रीमहंत धर्मदास महाराज, महंत गौरी शंकर महाराज, राजेंद्र दास महाराज (मलूक पीरिन), विजय कौशल महाराज, वंशानुगत ऋतंभरा, सुतीक्ष्ण दास महाराज, कृष्णचंद्र ठाकुर, हेमकांत शरण महाराज, अरी शरण महाराज, अनिरुद्ध महाराजाचार्य, काशी महाराज, प्रकाशानंदपुरी, श्यामसुंदर गौतम सहित स्वामी सीपी सिंह, शैलेश कुमार आदि मौजूद थे।



# कोसीकलां में बचत के चक्कर में खोद डाली पेड़ों की जड़ें

मथुरा। कोसीकलां में आगरा कैनाल बाईपास मार्ग निर्माण में ठेकेदार ने अपनी बचत के चक्कर में पेड़ों का भी ख्याल नहीं रखा। मसलन निमार्ता कंपनी ने सड़क की पटरी बनाने के लिए पेड़ों की जड़ों को ही खोद डाला और गड्ढे बना दिए। इस ओर से जिम्मेदारों ने भी आंखें मूंद ली हैं।

नगरवासियों को जाम से निजात दिलाने के लिए गोपाल बाग इलाके को हाईवे को जोड़ने के लिए आगरा कैनाल बाईपास मार्ग का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें सड़क निर्माण कार्य अंतिम दौर में है। यहां निमार्ता कंपनी मनमानी पर उतारू है। सड़क किनारे बनाई जाने वाली पटरी के लिए ठेकेदार को मिट्टी खरीदकर डालनी थी, लेकिन उन्होंने नियमों को ताक पर रखकर वन विभाग की मिलीभगत से पेड़ों के बीच से मिट्टी को खोदकर लगाना शुरू कर दिया है। स्थिति यह है कि कई जगह तो पेड़ों की जड़ें भी खोद कर गड्ढे बना दिए हैं। हैरानी की बात यह है कि विशेष निगरानी में बन रही इस सड़क पर बरते जा रहे इस गैरजिम्मेदार रवैये पर किसी भी जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ी है। वन विभाग के अधिकारी भी आंखें मूंदकर बैठे हैं। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन एके सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी, अगर कहीं नियमों का उल्लंघन मिला तो आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# डॉक्टरों के लिए एसी, मरीजों को पंखे की हवा तक नसीब नहीं

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा जनपद में लगातार बढ़ रहे तापमान ने मरीजों की संख्या भी बढ़ा दी है। सरकारी अस्पतालों के वार्डों के अधिकांश बेड फुल हैं, लेकिन मरीजों को गर्मी से बचाव के इंतजाम नाकाफी हैं। वार्डों से कूलर गायब हैं तो कहीं पंखें व एसी खराब हैं। महिला अस्पताल के वार्ड से तो कुछ पंखे ही हटा दिए गए। ऐसे में भर्ती मरीजों को गर्मी में दिक्कत हो रही है। मरीज के तीमारदार घर से हाथ का पंखा लाने को मजबूर हैं। जबकि डॉक्टरों के कक्षों में एसी लग रहे हैं। खास बात यह है कि शिकायत के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिला पुरुष अस्पताल हो या जिला महिला अस्पताल, यहां स्वास्थ्य सेवाएं पटरी पर नहीं आ पा रही हैं। अस्पताल में गर्मी से बचाव के इंतजाम की शनिवार को पड़ताल की गई तो हकीकत सामने आई। महिला अस्पताल के वार्ड में कूलर नहीं दिखा। कुछ पंखे गायब मिले तो कुछ बंद थे। जिला अस्पताल के एक वार्ड में एसी लगा था। मरीजों ने बताया कि यह चलता नहीं सिर्फ देखने मात्र का है। मेडिकल वार्ड, सर्जिकल महिला अन्य वार्डों में पंखे बंद थे। तीमारदार घर से हाथ का पंखा लाकर मरीजों की हवा करते दिखाई दिए। सीएमएस डॉ. मुकुंद बंसल का कहना है कि सभी पंखे चल रहे हैं, अगर कोई दिक्कत है तो व्यवस्था को देख दुरुस्त कराया जाएगा। महिला अस्पताल के नोडल डॉ. सचिन गुप्ता का कहना है कि इसकी जानकारी नहीं है। मरीजों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए इंतजाम परखे जाएंगे।



# वरिष्ठ पत्रकार एवं पीएनआई न्यूज के संपादक पवन राज सिंह के पिता स्वर्गीय तेजपाल सिंह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नोएडा। वरिष्ठ पत्रकार एवं पीएनआई न्यूज के संपादक पवन राज सिंह के पिता स्वर्गीय तेजपाल सिंह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सेक्टर 56 स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया, इनके पिता विद्युत विभाग में सेवारत थे, अपने कार्य के साथ साथ वह सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में भी समय देते थे, वे अपने पीछे तीन सुपुत्र पवन राज सिंह, राजेंद्र कुमार, ललित कुमार सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है।

श्रद्धांजलि सभा में नोएडा विधायक पंकज सिंह, भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल, कृष्ण अग्रवाल, राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नगर, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, पीयूष द्विवेदी, एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, सुधीर श्रीवास्तव, राकेश कोहली, परविंदर सिंह, संदीप अग्रवाल, आईआईए अध्यक्ष नवीन गुप्ता, निर्मल कांत गोयल, हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन से सीपी शर्मा, मोहन कपूर, उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल से विकास जैन, लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्टी जगमोहन सेठ, हरीश सभरवाल, इंद्रपाल खंडपुर, पंजाबी विकास मंच से दीपक बिग, संजीव पुरी, पंजाबी एकता समिति से वीरेंद्र मेहता, नरेंद्र चोपड़ा, गौरव चाचरा, लघु उद्योग भारती से सतबीर सिंह, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल से सुधीर चंद्र पोरवाल, अमित अग्रवाल, अमित पोरवाल, नवीन पोरवाल, विश्व हिंदू परिषद से राजीव शर्मा, उमानंदन कौशिक, जागृति लीला फाउंडेशन से कुम्मु भटनागर, एमएसएमई इंडस्ट्री एसोसिएशन से सचिन राणा, ब्राह्मण समाज महासंघ से गिरीश मिश्रा, ब्राह्मण समाज सेवा समिति से हरीश मिश्रा, अंतयार्मी सत्संग भवन से प्रवीण बीनू शर्मा, शैल माथुर, श्री नारायण संस्कृतिक चेतना न्यास से राजन श्रीवास्तव, भारतीय सिंधु सभा से नरेश कुमार जोतवानी, पूर्व आईएएस गणेश शंकर त्रिपाठी, ह्म्स लाइफ हॉलिस्टिक से लवलीत पीर, श्री सिद्ध पीठ शनी मंदिर से ठाकुर मानसिंह चौहान, राजीव मिश्रा, नवरत्न फाउंडेशन से अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव व नवरत्न श्रीवास्तव, भारत विकास परिषद से डॉ एसपी जैन, टीएन गोविल, अतुल कांत वर्मा, प्रताप मेहता, विष्णु गोयल, सत्यनारायण गोयल, फोनरवा से केके जैन, श्री राम मित्र मंडल से धर्मपाल गोयल, मुकेश अग्रवाल, अनिल गोयल, पेइंग गेस्ट हाउस ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन से विशेष त्यागी, अभिषेक सिंघल, स्याद्वाद युवा क्लब से मनोज जैन, सुनील जैन, कैलाश हॉस्पिटल के वरिष्ठ प्रबंधक विश्व बंधु जोशी, श्री रामा कृष्णा धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट से प्रवीण पांडे, राजपुताना विकास महासभा से सत्यपाल सिंह, डॉ सुभाष गुप्ता, मनीष गुप्ता, महेश अवाना, डिंपल आनंद, धर्मेंद्र चौहान, सचिन अंबावत, मुख्तार प्रजापति, जयप्रकाश प्रजापति, गिव्स इंडिया से दिनेश गिरी, गणेश शर्मा, राकेश गर्ग, गंगेश्वर दत्त के साथ-साथ नोएडा के समस्त गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।









# हैंडपंपों की हुई मरम्मत, लोगों को मिलने लगा जल : डीएम

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर गर्मी के मौसम में भूमिगत जल स्तर कम होने के कारण हैण्डपम्प आदि सूख जाते हैं, जिनसे पानी आना बंद होता है, ऐसे में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मजिस्ट्रेटों व नगर पालिका की संयुक्त टीम बनाकर प्रतिदिन वार्डों का सर्वे कर खराब हैण्डपम्पों को चिन्हित करने के निर्देश दिये हैं, साथ ही जल संस्थान की टीम द्वारा चिन्हित हैण्डपम्प को अगले दिन ही ठीक कराकर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए हैं। इसके लिए, जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को नोडल अधिकारी नामित करते हुए निर्देशित किया है वे प्रतिदिन टीमों द्वारा भेजी गई रिपोर्ट का सत्यापन करायें और चिन्हित हैण्डपम्पों की मरम्मत हेतु जल संस्थान की टीमों को मॉनीटर करेंगे। जिलाधिकारी के उक्त निर्देशों के क्रम में प्रतिदिन खराब हैण्डपम्पों की मरम्मत का कार्य किया



जा रहा है, इस सम्बंध में जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि नगर पालिका द्वारा सर्वे उपरांत सूची तैयार कर 272 हैंडपंप जिसमें 54 हैंडपंप रीबोर तथा 218 अवशेष हैंडपंप मरम्मत हेतु दिए गए थे। इन 218 हैंडपंपों में से आज दिनांक 9 अप्रैल 2025 तक 95 हैंडपंपो की मरम्मत का कार्य संपन्न कर लिया गया है, अवशेष 123 हैंडपंपों की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि अति संवेदनशील वार्डों में 91 हैंडपंप खराब थे जिसमें 50 की मरम्मत का कार्य संपन्न किया जा चुका है तथा 41 हैंडपंप का मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। साथ ही नगर पालिका द्वारा स्वास्थ्य सेवकों की भी वार्ड मजिस्ट्रेट के साथ तैनाती की गई है, समस्त वार्ड सेक्टर अधिकारी द्वारा अपने-अपने वार्ड में आम जनमानस एवं पार्षदों के संबंध में से वार्ड की वास्तविक स्थिति हेतु आज बैठक की गई वास्तविक रिपोर्ट तैयार कर कार्यालय में प्रेषित किया गया।

# डीआरआई के नेतृत्व में 150 गांवों में शुरू हुआ स्वास्थ्य व उपचार शिविर

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः दीनदयाल शोध संस्थान एवं नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर चित्रकूट के 50 किमी. की परिधि में आने वाले 150 ग्राम पंचायतों में रविवार को दो दिवसीय चित्रकूट धाम स्वास्थ्य सेवा यात्रा 2.0 का शुभारम्भ किया गया। जिसमें विभिन्न मेडिकल कॉलिजों एवं देश के अन्य चिकित्सीय संस्थानों के 100 वरिष्ठ चिकित्सक एवं प्राध्यापक सहित 500 मेडिकल विद्यार्थी स्वास्थ्य जागरुकता एवं उपचार शिविर लगाकर लोगों की सेवा कर रहे है।



शिविर के उद्घाटन सत्र के अवसर पर मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विकसित भारत के लिए सर्व कल्याण और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ लोगों का स्वस्थ होना भी जरूरी है। कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा सेवाओं और पैरामेडिकल क्षेत्र में लगातार विकास किया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने पूरे देश में 75 हजार मेडिकल की सीटें बढाने का संकल्प लिया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में शिविर और जांच अभियान चलाने से जागरूकता बढती है। चिकित्सकों एवं मेडिकल विद्यार्थियों से कहा कि स्वास्थ्य शिविरों में प्रत्येक व्यक्ति की स्क्रीनिंग करें, जिससे बीमारी का आसानी से पता चल जाए तथा उसका समय पर निदान भी हो सके। कहा कि इस शिविर के माध्यम से मेडिकल विद्यार्थियों का कौशल और व्यवहारिक ज्ञान भी बढ़ेगा।

# भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर काम कर रही है- आलोक पाण्डेय

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः भारतीय जनता पार्टी द्वारा समस्त गांवों में गांव चलो तथा नगरीय क्षेत्र में वार्ड चलो अभियान चलाया गया। जिसमें भाजपा नेताओं ने जनसम्पर्क कर लोगों को सरकार की उपलब्धियां बताई। साथ ही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि गांव चलो, वार्ड चलो अभियान जनसम्पर्क व जनसंवाद का जीवंत उदाहरण है। भाजपा के कार्यकर्ता गांवों व वार्डों में जाकर जन-जन से मिल रहे हैं और पात्र लोगों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। बताया कि जिले की 328 ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के 60 से अधिक वार्डों में यह अभियान संचालित है।

पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने लोगों से जनसंवाद करते हुए कहा कि भाजपा



डबल इंजन सरकार लगातार विकास के कार्य कर रही हैं। पूर्व मानिकपुर विधायक आनंद शुक्ल ने कहा कि गांव हो या शहर, खेत हो या कारखाने, गरीब हो मध्यम वर्ग, युवा हो या नारी, किसान हो या मजदूर, सभी के विकास के लिए भाजपा की डबल इंजन सरकारें काम कर रही हैं।

राघवपुरी वार्ड में जनसम्पर्क कर जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि भाजपा स्पष्ट नीति के आधार पर सही दिशा में काम कर रही है। भाजपा सरकार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आधारभूत संरचनात्मक विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार उत्तर प्रदेश को विकसित उत्तर प्रदेश बनाने को संकल्पित है। भाजपा की मोदी सरकार ने देश को और भाजपा की योगी सरकार ने प्रदेश को प्रगति के सुपर एक्सप्रेस-वे पर गतिशील किया है।

अभियान में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष आनंद पटेल, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, अश्विनी अवस्थी, अनूप त्रिपाठी, राघव, निर्मलेन्द्र, हीरो, अखिलेश रैकवार, राखी चैबे, अर्चना सिंह, विकास पाण्डेय, विनय, श्रद्धांशु तिवारी, राजेश्वरी सहित अन्य नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गांवों व वार्डों में जनसम्पर्क किया।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चयन प्रक्रिया में महिलाओं ने लगाया धांधली का आरोप।

पाली तहसील के पड़ना एवं बालाबेहट की महिलाओ ने जिलाधिकारी ललितपुर को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चयन प्रक्रिया में धांधली की गई है जिनका नियुक्ति पत्र सोपा जाना था उनको ना सौंप कर अन्य को सौंपने के आरोप लगे हैं बालाबेहट निवासी किरण ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के पद पर अपना एप्लीकेशन फार्म पंजीकरण कराया था उक्त फॉर्म में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत आवेदन भी किया गया था महिला ने बताया कि कागजात सत्यापन के लिए बुलाया जिसमें प्रथम स्थान बताया गया लेकिन तीन दिन बाद कस्बा निवासी महिला जिसे नियुक्ति पत्र थमा दिया गया आरोप यह भी लगा है कि जिस महिला को नियुक्ति पत्र सोपा गया है उस महिला के पति प्रशांत उदैनिया शासकीय सेवा में कार्यरत हैं उनके पास ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट हो ही नहीं सकता क्योंकि वह शासकीय सेवा में कार्यरत हैं कुछ महिलाओं ने तो पैसे लेने के भी आरोप लगाए हैं कि पैसों की दम पर नियम कर माननीय मुख्यमंत्री के कानून का कानून का उल्लंघन कर नियुक्तियां की गई मेरिट के आधार पर होना थी नियुक्तियां यदि नहीं न्याय मिलता तो मुख्यमंत्री दरबार में जाने को बाध्य होंगी

# कर्ण शक्ति विकासक योग क्रिया से दूर होता है बहरापन- योगाचार्य

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय के कुबेरगंज कर्वी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने कर्ण शक्ति विकासक योग क्रिया कराते हुए बताया कि यह कानों को शक्तिशाली बनाने वाला योग है।

योगाचार्य ने बताया कि कर्ण शक्ति विकासक क्रिया प्रति दिन खाली पेट करने से सुनने की क्षमता में वृद्धि, कानों का बहना, विभिन्न प्रकार की ध्वनियां सुनाई देना, चित्त की विक्षिप्तता, दिमागी असंतुलन, तनाव, चिंता, इनसोम्निया, मुंह के रोग जैसी गंभीर समस्याओं को दूर करके शारीरिक, मानसिक, आत्मिक शक्ति का विकास करता है और संपूर्ण शरीर को ऊर्जावान बनाता है। यह योग स्थूल शरीर पर सकारात्मक सुधार करने के साथ-साथ सूक्ष्म शरीर पर भी घुस कर उसको शक्तिशाली बनाता है। यह योग क्रिया कानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर



काबू पाने में सक्षम है, जो शरीर को लचीला, जोड़ों में गतिशीलता, ध्यान, एकाग्रता में शानदार सुधार लाता है। योगाचार्य ने बताया कि जब हम शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ होंगे तभी स्वयं की, परिवार की, समाज की व राष्ट्र की सेवा कर पाएंगे। इस योग क्रिया को करने के लिए साम्यावस्था में एड़ी पंजा मिलाकर सीधे खड़े होते हैं, हाथों में षण्मुखी मुद्रा अर्थात हाथ के दोनों अंगूठों से दोनों कान, दोनों तर्जनी से आंखें, दोनों मध्यमा से नाक बंद करते हैं, अनामिका और कनिष्ठिका होंठों पर रखकर होंठो में काकी मुद्रा बनाकर सिर को पीछे की ओर लेते हुए आठ काउंट तक मुंह से तेजी से सांस खींचकर गालों में हवा भर कर फुलाते हुए आगे की ओर सिर झुकाकर ठुड्डी को कंठ कूप से लगाते हैं ( जालंधर बंध) तथा इस स्थिति में 32 काउंट तक सांस रोकते हैं। सिर सीधा करके मध्यमा अंगुली हटाकर नाक से 16 काउंट में सांस बाहर छोड़ते हैं। इसे तीन बार दोहराते हैं और शिथिल ताड़ासन में विश्राम करते हुए चेहरे और गालों में हुए सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव करते हैं। बताया कि खड़े होने में यदि परेशानी है तो इस क्रिया को जमीन या कुर्सी पर बैठकर भी कर सकते हैं। सावधानी के तौर पर उच्च रक्तचाप में इसे धीरे-धीरे करते हैं।

# अचानक हुई बारिश से किसानों को हुए नुकसान के लिए विधायक ने लिखा पत्र

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः सदर विधायक अनिल प्रधान ने बेमौसम बारिश व तेज आंधी के चलते किसानों की रबी की फसलों को नुकसान के सन्दर्भ में मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को पत्र लिखकर किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

विधायक ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया रविवार को चित्रकूट समेत पूरे बुन्देलखण्ड में हुई बेमौसम बारिश व तेज आंधी के चलते किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी व खलियान में रखी रबी की फसलें भारी बारिश के चलते बर्बाद हो गई हैं। किसान अब हताशा और निराशा की स्थिति में पहुंच गये हैं। इस आपदा से किसानों की मेहनत, उम्मीदें और जीविका एक साथ डूब गई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुये, किसानों के जीवन और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिये त्वरित और ठोस कदम उठाया जाना नितांत आवश्यक है। कहा कि बारिश और तेज हवा से प्रभावित किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान कराए, जिससे किसानों को इस क्षति से मुआवजे का लाभ मिल सके।

# भाजपा नेताओं ने नगर क्षेत्र में किया जनसम्पर्क

चित्रकूट ब्यूरोः भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे गांव चलो, वार्ड चलो अभियान के तहत रविवार को युवा नेता शानू गुप्ता ने गोकुलपुरी वार्ड में जनसम्पर्क कर लोगों को भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताई। साथ ही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। रविवार को गाँव चलो, वार्ड चलो अभियान पर चित्रकूट के



तहत भाजपा नेता शानू गुप्ता ने वार्ड नंबर 24 गोकुलपुरी में पार्षद लवकुश यादव बूथ 387 के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रहरि के सथ जनसम्पर्क किया। इस दौरान भाजपा नेता ने लोगों को पत्रक बांटकर सरकार द्वारा सभी वर्गों के लिए चलाई जा रहीं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शानू गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने दुनिया में भारत को सर्वश्रेष्ठ पहचान दी है। आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। आने वाले 2047 तक भारत अर्थव्यवस्था और विकास में दुनिया में प्रथम स्थान पर होगा। मोदी सरकार की नीतियां सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ चल रही है। भारत के प्रत्येक वर्ग के नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां भारतीय नागरिकों की दिशा व दशा को बदल रहीं है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता शिवम गुप्ता, मोंटू यादव, राज सविता, पवन गुप्ता, रोशन राजपूत, रोहित, विकास गुप्ता, विवेक यादव, सुशील पाण्डेय, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# कायस्थ समाज ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव व चित्रगुप्त प्रकटोत्सव

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः चित्रकूट समाज सेवा संस्थान व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने राजोत्सव परिसर में हर्षो उल्लास के साथ भगवान हनुमान का जन्मोत्सव एवं चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव कार्यक्रम मनाया। इस मौके पर पूर्व सीएमएस डॉ वंदना श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा चंद्रप्रकाश खरे, कायस्थ समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष केशव कुमार माथुर, महिला मंडल की अध्यक्षा सीमा निगम, प्रबंधक विजय निगम, कोषाध्यक्ष रमाशंकर श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, युवा अध्यक्ष शिक्षक विधायक प्रतिनिधि विवेक श्रीवास्तव, चित्रकूट इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता केके माथुर, रमाशंकर श्रीवास्तव, केशव कुमार माथुर, विश्वनाथ सहाय श्रीवास्तव, संतोष निगम, पवन कुमार श्रीवास्तव, राकेश कुमार श्रीवास्तव, सत्येंद्र श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव, विष्णु कांत श्रीवास्तव, रूद्र प्रसाद खरे, शिवमोहन खरे, राजीव श्रीवास्तव, एडवोकेट सचिन कुमार श्रीवास्तव, प्रताप नारायण श्रीवास्तव, अश्विनी श्रीवास्तव, भानु प्रताप श्रीवास्तव, आशीष निगम, राजेंद्र श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव, संतोष निगम, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, नवनीत निगम, आशीष श्रीवास्तव, ज्ञानु श्रीवास्तव, उल्लास श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, सुधांशु श्रीवास्तव, अमरेश श्रीवास्तव, धनेश श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, हरनारायण श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, गोविंद प्रसाद श्रीवास्तव, अवनीश कुमार श्रीवास्तव, वैदेही श्रीवास्तव, सविता श्रीवास्तव, शर्मिला श्रीवास्तव, वैष्णवी श्रीवास्तव, रितु श्रीवास्तव, वैदेही खरे, अंजना श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव, विवाह श्रीवास्तव, सुषमा श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, धनेश श्रीवास्तव आदि ने उपस्थिति दर्ज कराई।

# 20 को अधिवेशन

चित्रकूटः राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक रविवार को श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलिज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजेंद्र सिंह ने आगामी 20 अप्रैल को लखनऊ में सम्पन्न होने वाले राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय चुनाव व अधिवेशन के बारे में बताया। कहा कि परिषद के प्रत्येक घटक संगठन से पांच प्रतिनिधियों व पांच पर्यवेक्षकों का अधिवेशन में प्रतिभाग करना जरूरी है। जिसकी सूची 15 अप्रैल तक प्रांतीय नेतृत्व के पास भेजी जाएगी। परिषद के अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों को तन-मन-धन से सहयोग करते हुए लखनऊ चलने की अपील की। इस मौके पर सुनील कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

# द्वितीय प्रवेश परीक्षा हुई सम्पन्न, प्रवेश पाकर खिले बच्चों के चेहरे

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूटः बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बेड़ी पुलिया के परीक्षा प्रमुख हर्ष श्रीवास्तव ने बताया विद्यालय में रविवार को द्वितीय प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें नगर कर्वी एवं आस पास के लगभग 165 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें कुल 145 विद्यार्थियों का चयन हुआ। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों में प्रवेश को लेकर चिंता स्पष्ट दिखाई दी। चयनित छात्रों का प्रवेश 15 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में प्रवेश परीक्षा को लेकर भारी उत्साह नजर आया। विधालय के शिक्षण प्रमुख आचार्य प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि यह विधालय की इस वर्ष की अंतिम प्रवेश परीक्षा है। इसके बाद प्रत्येक कक्षा का पाठ्यक्रम प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस दौरान विधालय के अध्यक्ष कमलाकांत, प्रबंधक श्याम सुन्दर मिश्र, कोषाध्यक्ष जगदीश, प्रधानाचार्य राघवेंद्र पाण्डेय, वरिष्ठ आचार्य शिवनायक आदि मौजूद रहे।

# अंजनी माता मेला : शोभायात्रा व जवारे बने आकर्षण का केंद्र श्रद्धालुओं ने जवारे विसर्जन कर मांगी मन्नत

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर महरौनी तहसील महरौनी अतंर्गत ग्राम कुम्हैडी में बुंदेलखंड का प्राचीन एवं प्रसिद्ध साप्ताहिक अंजनी मेला पावन पर्व चैत्र की पूर्णिमा पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुरू हो गया है । हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों व आसपास के दूर दराज से आये महरौनी, कुम्हैडी, बारौन, भूसरा, वगसपुर, लरगन, कुवाघोषी, खिरिया भारंजू,कोरवास, रमेशरा, सैदपुर, बैरवारा,नैनवारा,दरौना, जमुनिया, राम शायरी खुरई, खिमलासा ,छतरपुर मध्य प्रदेश, सतवांसा आदि ग्रामीण क्षेत्रों से आये श्रद्धालुओं ने जवारों के साथ हनुमान जयंती की शोभायात्रा डीजे, ढोल नगरिया व धार्मिक बुंदेली लोक नत्य राई के गीतों की तर्ज के साथ निकालकर अंजनी मंदिर पर जवारों का आस्था और श्रद्धा के साथ विधिवत पूजन कर विसर्जन किया गया । श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम माता अंजनी के पावन द्वार पर माथा टेक कर अंजनी माता की धर्म ध्वजा का मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन कर नारियल प्रसाद चढ़ाया व आरती कर अपने देश, क्षेत्र व परिवार के स्वास्थ्य सुख समृद्धि की कामना की । माता अंजनी के मंदिर पर श्रद्धालुओं ने सुबह से देर रात तक जवारे चढ़ाने व पूजा पाठ करने के लिये तांता लगा रहा । अंजनी मेले में पूजा सामग्री, छोटे बच्चों के लिये जंपिंग झूला, बड़ा



झूला, ब्रेक डांस, डिरेगन ट्रेन, बैलों व साज सज्जा का सामान, अस्थाई फोटो स्टूडियो, स्टील के बर्तन, महिलाओं के लिये साज सिंगार के लिये सिंदूर, चूड़ियां, कपड़े, पूजा सामग्री आदि के सामानों की खरीददारी की । पान सेंटर, जूस, आइसक्रीम, चार्ट टिकिया, जलेबी समोसा मिठाइयां, फल, आदि खानपान के लिये शुद्ध शाकाहारी लजीज अनेक व्यंजनों से युक्त दुकानों की उत्तम व्यवस्था की गई है ।

मेले में यह रहीं व्यवस्थायें - प्रशासन और मेला कमेटी द्वारा मेले की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिये मेले में अस्थाई पुलिस चौकी के अलावा महिलाओं की सुरक्षा के लिये महिला पुलिस, स्वास्थ शिविर कैंप, पेयजल, मेले में आये श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिये भजन संध्या पर लोक गायन व रामलीला का मंचन किया जा रहा है। मेला महोत्सव सफल आयोजन के लिए प्रमुख अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश कुमार श्रीवास्तव, मंत्री दिनेश विदुआ, वरिष्ठ पत्रकार आशाराम तिवारी,धनीराम टिकरया, संन्तोष काजू, देवकी नंन्दन कौशिक, रामशरण दीक्षित, संतोष निरंजन नेता,रामरतन टिकरया, चिंता राम टिकरया, राम जी श्रीवास्तव,रानू पलया,बलराम निरंजन, प्रमोद सीरौठिया, संन्तोष कौशिक, बाबू लाल झा, चिन्नू सोनी, लक्ष्मीनारायन चौधरी, रवि रजक, नारायण विश्वकर्मा, रमेशराय, भुर्री, मेला समिति मीडिया प्रभारी आनंद पंडा, धर्मेन्द्र राजा,निशु दुबे आदि लोग उपस्थित रहे ! व मेला सुरक्षा के लिए प्रभारी निरीक्षक विनोद मिश्रा व मेला चौकी प्रभारी भूपेन्द्र कुमार का सहयोग मिल रहा है।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की होते हैं रीढ़, संगठन को और करें मजबूत : विधायक दीपचंद खैरिया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



खैरथल। जिला खैरथल मुख्यालय महावर भवन में कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक एक बैठक आयोजित की गई। जिसमे विधायक दीपचन्द खैरिया, विधानसभा प्रभारी देव कसाणा, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा की मौजूदगी में सँगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष संदीप पाटिल व खैरथल शहर अध्यक्ष शिवचरण गुप्ता ने बताया कि रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार खैरथल कस्बे की महावर धर्मशाला में संगठन विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन विधायक दीपचंद खैरिया विधानसभा, प्रभारी देव कसाना, कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें कांग्रेस संगठन को लेकर चर्चा हुई एवं नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत सम्मान भी किया गया। इस मौके पर विधायक खैरिया ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड की हड्डी होते हैं अब आने वाले चुनाव में सभी को मिलकर काम करना होगा । बैठक में मौजूद विधानसभा प्रभारी देव कसाना ने भी संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की एवं आने वाले दिनों में पंचायती राज व नगर निकाय के चुनाव में कांग्रेस को मजबूत करने की बात कही। वहीं जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने भी संगठन को मजबूत करने पर जोर डाला। इस मौके पर प्रधान बद्री प्रसाद सुमन, प्रधान विनोद कुमारी सांगवान, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश रोघा, रामचंद्र कामरेड, नेता प्रतिपक्ष विक्की चौधरी, उमेश यादव, राम प्रसाद गुर्जर जयप्रकाश हेडाऊ ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। इस मौके पर लोकेश खैरिया, किशनगढ़ शहर कांग्रेस अध्यक्ष संस्कार अग्रवाल, हरसोली मंडल अध्यक्ष दीपक चौधरी, रण सिंह नेहरा, शैतान सिंह, उमाशंकर शर्मा, भोकर मंडल अध्यक्ष भूपेश लहकरा, धोलाराम गुर्जर, स्माइल खान मोठूका, मास्टर असमदीन दीपक यादव, पार्षद मनोज बुराडिया, पार्षद नारायण छंगाणी, किशनचंद जाटव सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री की अभिनव पहल सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



खैरथल तिजारा, 13 अप्रैल। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद श्री भूपेन्द्र यादव ने अपने संसदीय क्षेत्र में अभिनव नवाचार सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा का शुभारम्भ हनुमान जयंती के पावन अवसर पर अलवर की ग्राम पंचायत पृथ्वीपुरा से किया गया। इसी क्रम में दुसरे दिन रविवार को ग्राम पंचायत दोंगड़ा में उसके कलस्टर कि ग्राम पंचायत बाघोड़ा, मूसाखेड़ा ब्रसंगपुर व चोरबसई तथा पंचायत नांगल सालिया में उसके कलस्टर के ग्राम पंचायत तिंगावा, झड़का, बघेरी खुर्द व तिजारा की ग्राम पंचायत ईशरोदा में उसके कलस्टर के ग्राम पंचायत बिछाला, लुहादेरा, मुँड़ाना इस प्रकार ग्राम पंचायत कमालपुर में उसके कलस्टर कि ग्राम पंचायत मसीत, मिठियावास, नाखनौल में सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा आयोजित हुई। केन्द्रीय मंत्री श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सांसद के रूप में अपने संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव पर पहुंच कर आमजन से रूबरू होकर न केवल उनकी समस्याओं निदान करना बल्कि विकास कार्यो को गति प्रदान करने का उदेश्य से सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर के व्यक्ति को मिले इसके लिए इस कार्यक्रम में उनकी जानकारी के साथ साथ उन योजनाओं में पंजीयन सुविधा प्रदान की जाएगी। ग्राम पंचायत दोंगडा मे पानी की समस्या के एनिकट बनाने की घोषणा की जिससे झरने के आसपास के क्षेत्र में भुजल स्तर में सुधार होगा। कार्यक्रमों के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायत में विभिन्न विकास कार्य का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया।

केन्द्रिय पर्यावरण मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि युवा देश का भविष्य है और उन्हें अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढने का प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु अलवर सांसद खेल उत्सव का आयोजन कराया गया, आगे भी इसे निरन्तर कराया जावेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतें में अलवर सांसद खेल उत्सव में भाग लेने वाले खिलाडियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कहा कि हम जैसी ग्रामीण क्षेत्र की बालक-बालिकाओं को इस खेल उत्सव में प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा की युवाओं को डिजिटल शिक्षा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अलवर संसदीय क्षेत्र की हर ग्राम पंचायत में ई लाइब्रेरी खुलवाने का उनका प्रयास है। इस पर तेजी काम प्रगति पर है जिसके तहत अभी तक 28 लाईब्रेरी का भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 20 लाइब्रेरी का कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की अटल टिंकरिंग लैब योजना के माध्यम से जिलें के विद्यार्थीयों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा कि खैरथल-तिजारा जिलें को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत योजना के तहत जिले कि 71 ग्राम पंचायतों को टी.बी. मुक्त घोषित किया गया है। उन्होने कहा कि इस योजना के तहत मरीजों की जांच कर योजना के तहत प्रत्येक टी.बी. रोगी को प्रत्येक माह पोषण हेतु उनके खातो में 1000 रुपए दिए जा रहे है साथ ही पोषण किट प्रदान किये जा रहे है। सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत दोंगड़ा, चोरबसई, नांगल सालिया, तिंगावा, झड़का, बघेरी खुर्द, बिछाला, मुँड़ाना, कमालपुर, मसीत, मिठियावास, नाखनौल टीवी मुक्त होने पर सर्टिफिकेट एवं मोमेंट दिया। उन्होने बाकी ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को उक्त योजना के माध्यम से अपने गांव को टी.बी. मुक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वा

केन्द्रीय वन मंत्री श्री यादव ने सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा के प्रत्येक ग्राम पंचायत को 11-11 पौधे भेंट कर कहा कि इन पौधों के साथ ग्रामवासी अपने तरफ से 100 और पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पौधशाला बनाई जा रही है जिसमे नरेगा से दो श्रमिक भी उपलब्ध कराए जाएगें।

# इंजीनियर्स पॉइंट टैलेंट सर्च एग्जाम में बैठे 1625 परीक्षार्थी। रिजल्ट 20 अप्रैल को होगा घोषित



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथलः इंजीनियर पॉइंट स्कूल में आज दिनांक13 अप्रैल को टैलेंट सर्च कम स्कॉलरशिप टेस्ट कक्षा 9 से 12 के लिए आयोजित किया गया। जिसमें 1625 बच्चों ने भाग लिया। इंजीनियर पॉइंट निदेशक आजाद चौधरी जी ने बच्चों को बताया कि यह एग्जाम आपके जीवन में बहुत बदलाव लाते है। शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपने जीवन को बेहतर बनाने में मदद करता है। शिक्षा से हमें ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास मिलता है जो हमें अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम बनाता है। शिक्षा से ही समाज और देश की उन्नति में अपना योगदान करने के लिए तैयार होते है। इसलिए इस तरह के एग्जाम विद्यार्थियों को अवश्य देने चाहिए और अपनी प्रतिभा को निखारने का यह सुनहरा अवसर है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को और उनके अभिभावकों को जिन्होंने ई पी स्कूल पर विश्वास जताया उन सभी साथियों को और साथ ही उन स्कूल निदेशकों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं और अग्रिम बधाई। आज जो एग्जाम हुआ है, इसका रिजल्ट 20 अप्रैल को शाम को 5:00 बजे आप स्कूल के यूट्यूब पर, फेसबुक पर और इंस्टाग्राम के इंजीनियर पॉइंट पेज पर उपलब्ध होगा।

एग्जाम कोर्डिनेटर आचार्य राजेश कुमार ने बताया कि आज के एग्जाम में खैरथल जिले के अलावा जयपुर, सीकर, अलवर, भरतपुर और राजस्थान के बाहर से भी एग्जाम देने के लिए बच्चे आए हैं। उन्हें इस एग्जाम का बहुत बेसब्री से इंतजार था।

## आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा का अभिनंदन

# आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा का अभिनंदन



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो** झुंझुनूं उदयपुरवाटी। ताल मंडावरा में रविवार को आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा का अभिनंदन किया गया। एक निजी कार्यक्रम में आए मीणा का लोगो ने साफा, माला एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया।किशोरपुरा ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा करने से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि गर्मी शुरू हो चुकी है बेजुबान पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना हमारा दायित्व होना चाहिए। उन्होंने परिंडे लगाकर परिंदों की सेवा करने को सबसे बड़ा धर्म बताया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पद की लोलुपता में अपने आप को चमकाना चाहते हैं। उन्हें पता नहीं है कि जुगनू और सूरज की रोशनी में जमीन आसमां का अंतर होता है। कागज के फूलों में कभी असली सुगंध नहीं आ सकती। उन्होंने कहा कि सच्ची निष्ठा से सेवा करने वाले मरकर भी जिंदा रहते हैं और नकली मुखोटे वाले जिंदा भी मृत्यु के सम्मान है। उन्होंने गरीब असहाय जरूरतमंद व्यक्ति की सेवा करने वाले व्यक्ति को देवता समान बताया। गौरतलब है कि सुरेश मीणा किशोरपुरा लंबे समय से जन कल्याण के कार्यों में लगे हुए है इन्हें कई बार उत्कृष्ट कार्यों के लिए देश विदेश में सम्मानित किया जा चुका है। उनके सम्मान में मुकेश कुमार,ब्रजेश सुरेंद्र मीणा,विनोद कुमार, सीताराम, दीपक, नरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पर्वतीय समाज का अधिवेशन 27 अप्रैल को



एनपीटी ब्यूरो

बरेली, पर्वतीय समाज का अधिवेशन स्थानीय कूर्माचल नगर भोले नाथ मंदिर परिसर में रविवार 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे होना तय हुआ है।समाज की एक आम सभा स्थानीय विद्युत निरीक्षण ग्रह में आयोजित की गई।जिसमें पिछले वर्ष की आय व्यय का व्योरा दिया गया।संस्था के महासचिव डॉ. नरेन्द्र बिष्ट ने सभी सदस्यों को वर्ष भर संस्था के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।अध्यक्ष गिरीश चंद्र पाण्डेय ने समाज की वर्ष भर की कार्यवाही सभी सदस्यों को अवगत करायी।उपाध्यक्ष मदन सिंह बिष्ट ने समाज के अच्छे और सामाजिक कार्यों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की।वरिष्ठ सचिव चन्द्र प्रकाश जोशी ने आगामी परियोजना आपस में साझा की।सलाहकार कुँवर सिंह बिष्ट ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर मोहन सिंह बिष्ट,इंद्र सिंह बिष्ट,जगदीश सिंह बिष्ट,तारा जोशी,उमेश बिनवाल,देवेन्द्र दियोलिया, अतुल डालाकोटि, बिशन सिंह बिष्ट,डिकर सिंह बिष्ट,राजेन्द्र सिंह बिष्ट,जीत सिंह अधिकारी,भुवन चंद्र पांडे,दुर्गा सिंह कोश्यारी,दीपक जोशी,दीवानी चंद,गोपाल सिंह राणा,बालम सिंह बिष्ट,श्याम सिंह मेहरा,पुष्कर सिंह बोहरा,जीत सिंह बोहरा,रमेश शर्मा,देवेन्द्र रावत आदि उपस्थित रहे।

# पद्म श्री डा. अलका देशपांडेय ने वायरस जनित बीमारियों पर दिया व्याख्यान

## सूक्ष्मजीवी वायरस से बचाव को वैक्सीन अपनाना जरूरी

एनपीटी ब्यूरो




बरेली, हजारों वर्षों से इंसान सूक्ष्मजीवियों के साथ रह रहा है, लेकिन इंसानी स्वार्थ से होने वाला प्रकृति को नुकसान वायरस में बदलाव ला रहा है। इसके साथ ही इंसान की बिगड़ती आदतें और असक्रिय जीवनशैली भी सूक्ष्मजीवियों के लिए मददगार साबित हो रही है। यही वजह है कि तमाम वायरसजनित बीमारियां आपदा बनती जा रही हैं। चाहें वह सार्स, जीका वायरस से हो या एचआईवी या कोविड 19 से। इन सबसे बचाव के लिए हमें संतुलित जीवनशैली के साथ ही इससे संबंधित वैक्सीन को अपनाना चाहिए। यह बात पद्म श्री हासिल करने वाली पहली महिला फिजिशियन डा. अलका देशपांडेय वूमन फिजिशियंस आफ इंडिया की पहली कॉन्फ्रेंस में वायरस जनित बीमारियों पर दिये व्याख्यान में कही।

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित वूमन फिजिशियंस आफ इंडिया की पहली कांफ्रेंस का रविवार को समापन हो गया। इस दो दिवसीय कांफ्रेंस के दूसरे दिन कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र के साथ 4 साइंटिफिक सत्र हुए। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डा. अलका देशपांडेय, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति जी, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति जी, प्रिंसिपल एयरमार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस बुटोला, डा.निर्मल यादव, आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डा.प्रेरणा कपूर, साइंटिफिक चेयरपर्सन डा.आभा गुप्ता, डा.पदमश्री गुलाटी और डा.स्मिता गुप्ता ने दीप प्रज्वलित किया। सरस्वती वंदना और संस्थान गीत के साथ उद्घाटन सत्र आरंभ हुआ। इसमें डा. देशपांडेय ने वूमन फिजिसियंस आफ इंडिया की पहली कांफ्रेंस के सपना पूरा होने जैसा बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1970 में जब उन्होंने एमडी मेडिसिन में प्रवेश लिया तब वह अपने बैच में इकलौती महिला थीं। धीरे धीरे इस ब्रांच में महिलाओं की संख्या बढ़ी। पिछले वर्ष वुमन फिजिसियंस आफ इंडिया का गठन हुआ और आज इसकी पहली राष्ट्रीय कांफ्रेंस हो रही है। यह सपना पूरा होने जैसा ही है। इसके लिए सभी को बधाई। उद्घाटन सत्र में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति जी ने वुमन फिजिसियंस आफ इंडिया की पहली कांफ्रेंस में शामिल सभी महिला चिकित्सकों को बधाई दी। उन्होंने इस तरह की कांफ्रेंस के हर वर्ष जारी रहने की उम्मीद जताई। कहा कि अगर स्थान के अभाव में कभी कांफ्रेंस न हो पा रही हो तो एसआरएमएस मेडिकल कालेज आइए।

यहां कांफ्रेंस करिए। हम इसके लिए हमेशा तैयार है। कालेज के प्रिंसिपल एयरमार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस बुटोला ने उद्घाटन सत्र में सभी का स्वागत किया और वुमन फिजिसियंस आफ इंडिया की पहली कांफ्रेंस के लिए बधाई दी। आयोजन की ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी एवं एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग की एचओडी डा.स्मिता गुप्ता ने सभी का आभार जताया।

उद्घाटन सत्र से पहले डा. अलका देशपांडेय ने अपने व्याख्यान में वायरस जैसे सूक्ष्मजीवियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सार्स से लेकर कोविड 19 तक सभी वायरसजनित महामारी का जिक्र किया साथ ही बचाव के उपाय बताए और इसके लिए जागरूकता को सबसे जरूरी बताया।

इस अवसर पर डा.सीमा सेठ (बरेली), डा.मालिनी कुलश्रेष्ठ, डा.अस्मिता देशमुख (नवी मुंबई), डा.अर्चना पाटे (नवी मुंबई), डा.मीनाक्षी अवस्थी (गोरखपुर), डा.निधि मिश्रा (प्रयागराज), डा.शक्ति कंसल (बरेली), डा.प्रेरणा कपूर (लखनऊ), मंजू पांडेय (मथुरा), डा.मनीषा गुप्ता (मोहाली), डा.हिना सिंह (मेरठ) और डा.गुंजन मित्तल (नोएडा), डा.अनुपमा (जम्मू), डा.अश्वनी पाटिल (मुंबई), डा.आनंदिता सेठ (लखनऊ), ऋतु दास चौधरी (नवी मुंबई), डा.पूनम अग्रवाल, डा. पीके बॉस, डा.शरद अग्रवाल, डा.दीपक दास, डा.राजीव गुप्ता, डा.दर्शन मेहरा, डा.सचिन अग्रवाल उपस्थित रहे।

# जाट महासम्मेलन मंत्री लक्ष्मी नारायण सिंह ने कहा कि हमें एकजुट होकर रहना चाहिए

एनपीटी ब्यूरो





बरेली। जाट महासभा समिति बरेली की ओर से रविवार को बिल्वा स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल पब्लिक स्कूल में जाट महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महापौर डा. आईएस तोमर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौ. लक्ष्मी नारायण सिंह कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि केपी सिंह मलिक राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि चौ. लक्ष्मी नारायण सिंह ने कहा कि हमें एकजुट होकर रहना चाहिए। समाज के हर व्यक्ति के सुख दुख में उसके साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा, समाज की उन्नति के लिए बच्चों को शिक्षित बनाएं। किसान भाई कृषि उत्पादन की नवीनतम जानकारी लेकर खेती करें और अपनी आय बढ़ाएं। जाट महासभा समिति आपकी हर दुख परेशानी में आपके साथ है। कार्यक्रम को चौ. राजेश सिंह मलिक ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जाट समाज के वृद्धजन एवं सामाजिक कार्यों में विशिष्ट भूमिका निभाने वाले लोगों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रामअवतार पलसानिया अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद, चौ. धर्मवीर सिंह अध्यक्ष अखिल भारतीय जाट फाउंडेशन, डा. आरपी सिंह पूर्व कुलपति की भी उपस्थिति रही। रहे। इनके अलावा डा. सतेन्द्र सिंह, डा. देवेन्द्र सिंह, चौ. अमन सिंह, चौ. राजेश सिंह मलिक अध्यक्ष जाट महासभा समिति बरेली, चौ. धर्मपाल सिंह कार्यकारी अध्यक्ष जाट महासभा समिति बरेली, चौ. आराम सिंह, चौ. अनीत सिंह, चौ. मृगेन्द्र सिंह एडवोकेट शामिल रहे। मंच संचालन चौ. सुरेन्द्र सिंह मलिक महासचिव जाट महासभा समिति बरेली ने किया।

कार्यक्रम में जिला कमेटी एवं सभी तहसीलों के सदस्य व बड़ी संख्या में जाट समाज के लोग शामिल हुए।

# बालाजी जयंती देखकर वापस लौट रहे दो युवकों की मौत

## धौलरा के निकट गलत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, परिजनों में कोहराम मचा

**पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में किया गया अंतिम संस्कार, मौहल्ले में शोक छाया**

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** मुजफ्फरनगर में बालाजी जयंती देखकर वापस लौट रहे शामली निवासी बाइक सवार दो युवकों की धौलरा के निकट ट्रैक्टर द्वारा टक्कर मार दिए जाने से मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में दोनों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना से दो परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। शहर की नाला पटरी शिव कालोनी निवासी तुषार पुत्र मनोज व तुषार पुत्र अमित




शनिवार को बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर में बालाजी जयंती देखने गए थे। जयंती के बाद दोनों बाइक से वापस शामली लौट रहे थे, जब वे धौलरा बस स्टैंड के निकट पहुंचे तभी गलत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने भागने का प्रयास कर रहे ट्रैक्टर चालक को मौके पर ही दबोच लिया तथा पुलिस को मामले की सूचना जिस पर मुजफ्फरनगर पुलिस मौके पर पहुंची तथा चालक



को हिरासत में लेते हुए दोनों घायलों को अस्पताल ले गयी जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की जेब से मिले मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस ने घटना की जानकारी दी जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।रविवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही दोनों युवकों के शव शामली पहुंचे, परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतकों में एक युवक तुषार उपाध्याय अखिल भारतीय योगीनाथ उपाध्याय समाज शामली की महिला विंग की जिला उपाध्यक्ष ममता उपाध्याय का पुत्र था। बाद में गमगीन माहौल में दोनों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## गल्ले से नगदी चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार, 1700 की नगदी बरामद

कैराना। पुलिस ने तीन दिन पूर्व इलेक्ट्रिशियन की दुकान के गल्ले से 20 हजार रुपये की नगदी चोरी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया हैं। कब्जे से 1700 रुपये की शेष नगदी हुई बरामद। रविवार को कैराना कोतवाली पर तैनात उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने संदिग्ध व्यक्ति,वाहन चेकिंग व चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के कुशल पर्यवेक्षण में तीन दिन पूर्व नगर के मुख्य मार्ग पानीपत-शामली रोड पर स्थित फरीद पुत्र फहीमुद्दीन निवासी मोहल्ला पीरजादगान की कार म्यूजिक एवं इलेक्ट्रीशियन की दुकान के गल्ले से दिनदहाड़े बीस हजार रुपये की नगदी चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक के कब्जे से 1700 रुपये की शेष नगदी बरामद की हैं। युवक ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम रोहित शर्मा पुत्र सतपाल शर्मा निवासी ग्राम पंजीठ बताया है।

# थर थर कांप रहे हिस्ट्रीशीटर अपराधी, थाने में आकर ली अपराध से तौबा की शपथ

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो कैराना।** अंडर ट्रेनिंग सीओ व थानाध्यक्ष ने सभी हिस्ट्रीशीटर की एक मीटिंग ली और हाजिरी लगवाई गई। इसके बाद सभी को किसी भी तरह की अपराधिक गतिविधि में लिप्त न रहने की शपथ दिलाई। रविवार को कैराना कोतवाली परिसर में जनपद में शान्ति व्यवस्था को कायम रखने एवं अपराध की रोकथाम को लेकर जिले के पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम द्वारा की गई नई पहल को लेकर अंडर ट्रेनिंग सीओ जितेंद्र सिंह व थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने दो दर्जन से अधिक हिस्ट्रीशीटर श्रेणी एवं गौकशी के अपराधियों को कोतवाली में बुलाकर अपराध से तौबा करने की शपथ दिलाई है,साथ ही किसी भी आपराधिक गतिविधि में लिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी है। हिस्ट्रीशीटर



अपराधियों को पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध न करने की शपथ दिलाए जाने की नई पहल की सराहना की जा रही है।

**क्या कहा इन्होंने**

थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक शमली के आदेशानुसार अपराध की रोकथाम को लेकर गैंगस्टर,हिस्ट्रीशीटर श्रेणी व गौकशी के अपराधियों को कोतवाली बुलाकर उनकी बैठक ली गई हैं और उन्हें अपराध से तौबा करने की शपथ दिलाई गई है। इसके बावजूद भी अगर कोई किसी भी तरह के अपराधिक कृत्य में लिप्त पाया जाता है,तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदर कांड पाठ का हुआ आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कैराना।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु। शनिवार की देर शाम करीब सात बजे नगर के मुख्य बाजार में स्थित वैश्य कटरा धर्मशाला में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में पंडित द्वारा पूजा-अर्चना के पश्चात सुंदरकांड पाठ का आयोजन। कार्यक्रम का शुभारंभ नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान श्री हनुमान सेवा समिति के पदाधिकारी द्वारा नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। सुंदरकांड पाठ में सैकड़ो की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाया। सुंदरकांड पाठ के पश्चात कोतवाल ने समिति के पदाधिकारी से आगामी मंगलवार को आयोजित होने वाली शोभायात्रा के मार्गो को लेकर जानकारी हासिल की। समिति के अध्यक्ष विनोद गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी पूरी जोरों पर हैं। विगत कई वर्षों से कैराना में हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली जा रही है ' जनपद शामली में सबसे भव्य शोभायात्रा कस्बा कैराना में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकली जाती हैं। जिसमें प्रशासन अपनी पूरी तैयारी में मुस्तैद रहता हैं। शोभायात्रा को लेकर नगर पालिका प्रशासन की ओर से विशेष तैयारी करते हुए सभी प्रकाश लाइटों को दुरुस्त करते हुए सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं,साथ ही नगरवासियों की ओर से भी पूरी तैयारी जोरों पर हैं और उत्साह के साथ उत्सव मनाने की तैयारी की जा रही हैं।सुंदरकांड पाठ में मुख्य रूप से कमल राज मित्तल, अभिषेक गोयल,संजू वर्मा,आशु गर्ग,आलोक गर्ग,शगुन मित्तल एडवोकेट,अंकित जिंदल,सोनू बंसल,राकेश,दीपांशु,गौरव,जयपाल कश्यप सहित आदि श्रद्धालु मौजूद रहे '

# घायल युवक की मेरठ में उपचार के दौरान मौत

## परिजन व ग्रामीण शव को लेकर कोतवाली पहुंचे, पुलिस, फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने की जांच

**ऑनलाइन खाने का पूरा आर्डर न मिलने के बाद शीशे में हाथ मारने से घायल हुआ था युवक**

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** ऑनलाइन खाना का आर्डर पूरा न होने के चलते हुए विवाद के बाद शीशे में हाथ मारने से घायल हुए युवक की मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो जाने के बाद परिजन व ग्रामीण शव को लेकर कोतवाली पहुंच गए जिससे पुलिसकर्मियों में हडकंप मच गया। पुलिस ने परिजनों व ग्रामीणों को किसी तरह समझा बुझाकर शांत करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने रात में ही होटल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तथा फोरेंसिक टीम व डॉग स्कवायड को मौके पर बुलाकर जांच पडताल शुरू की। क्षेत्र के गांव कुडाना निवासी अनुज मलिक ने शनिवार को शामली के फव्वारा चौंक स्थित वीएन चिकन से ऑनलाइन खाने का आर्डर बुक कराया था। डिलीवरी मैन खाना लेकर गांव पहुंच गया जहां पूरा खाना न मिलने पर अनुज ने डिलीवरी मैन से शिकायत की तो उसने बताया कि उसे जो आर्डर मिला वह लेकर आ गया, इस




### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हाथ मारने की घटना

शामली। खाने को लेकर हुए विवाद के चलते घायल अनुज की मौत के बाद कोतवाली पुलिस ने चिकन शॉप पर जाकर जांच पडताल की। पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो उसमें अनुज द्वारा खुद काउंटर के शीशे में हाथ मारने की घटना दिखी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम व डॉग स्कवायड को भी मौके पर बुलाकर जांच पडताल की।

संबंध में दुकानदार से बात कर लो। इस पर अनुज अपने साथियों के साथ फव्वारा चौंक स्थित दुकान पर पहुंच गया जहां उसकी दुकान के रसोईये से इस बात को लेकर बहस हो गयी। गुस्साए अनुज ने अपना हाथ दुकान के काउंटर के शीशे पर मारा जिससे वह लहुलुहान हो गया। अनुज को उसके साथी तत्काल बाइक पर बैठाकर एक निजी चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां हाथ में गंभीर चोट देखकर चिकित्सक ने उसे मेरठ के लिए रैफर कर दिया, देर रात उपचार के दौरान अनुज मलिक की मौत हो गयी। जैसे ही परिजनों को अनुज की मौत की सूचना मिली, उनमें कोहराम मच गया। परिजन व बडी संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रालियों व निजी वाहनों से एम्बुलैंस में अनुज के शव को लेकर कोतवाली पहुंच गए। कोतवाली प्रभारी ने परिजनों व ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत करते हुए शव को पोस्टमार्टम हाउस ले जाने की अपील की, साथ ही मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। एएसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों की तरफ से कोई तहरीर अभी नहीं आई है। सीसीटीवी फुटेज में सामने आया है कि युवक ने शीशे में अपना हाथ मारा था, जिससे शीशा चटक कर उसके हाथ में घुस गया। अधिक रक्त बहने के कारण उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों से बात करने से इनकार कर दिया।

### आक्रोश को देखते हुए पुलिस-एसओजी अलर्ट

शामली। घायल अनुज की मौत के बाद परिजनों व ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस व एसओजी को अलर्ट कर दिया गया था। चिकन शॉप पर भी बडी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया था ताकि किसी तरह के विवाद की स्थिति पैदा न हो सके। वहीं रविवार को अनुज का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। अनुज की मौत से परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षेप समाचार :

### भाकियू युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने क्षेत्र में किया भ्रमण



गढ़ीपुख़्ता। जिला शामली व गढी पुख़्ता क्षेत्र के गांव भाटटू में सद्दाम व तोसिन राणा हाऊस में पहुंच कर भाकियू युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकेत ने किसानों से मिलकर उनकी जनसमस्याएं जानी। जिसमें बिजली की समस्या, किसानों के गन्ना भुगतान , गेहूं पर एम एसपी को लेकर किसानों से बातचीत की। उन्होंने किसानों की जन समस्याओं को उच्च अधिकारियों से मिलकर समाधान करने का आश्वासन दिया। वहीं उन्होंने किसान भवन में मासिक मीटिंग में अधिक से अधिक किसानों के पहुंचने की अपील की।इस दौरान भाकियू जिला सचिव सद्दाम,भाकियू ग्राम अध्यक्ष ताहिर, युवा जिला महासचिव,असजद तोमर आरिफ राणा, इसरार राव , गुलजार राणा,समीम डीलर, पूर्व प्रधान अरुण राणा, कुलदीप राणा, मुस्तकीम प्रधान गढ़ी अब्दुल्ला खां , राफे खा , मुस्तकीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

### गन्नों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटा

कांधला। थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित पुलिस चौकी के समीप गन्नो से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया चालक व परिचालक ने कुद कर अपनी जान बचाई गनीमत रही कि हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ और सड़क जाम हो गई पुलिस ने जेसीबी मशीन लगा कर मलबे को रास्ते से हटकर अवगमन चालू कराया। नगर एवं क्षेत्र की सड़कों पर गन्नों से भरे ओवरलोड ट्रक अमजन के लिए काल बन कर दौड़ रहे हैं। शासन एवं प्रशासन गन्नों से भरे ओवरलोड ट्रकों पर लगाम लगाने विफल साबित हो रहा है। पूर्व में भी गन्नो से भरे ओवरलोड ट्रकों से कई बार बड़े हादसे हो चुके हैं इसके बावजूद भी प्रशासन अपनी कुंभकर्णी नींद से नहीं जगता। हादसा होने के बाद खाना पूर्ति कर शासन एवं प्रशासन कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। रविवार को थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर गन्नों से भरा एक ट्रक्ट बुढाना की ओर जा रहा था। जैसे ही गन्नो से भरा ट्रक डांगरौल पुलिस चौकी के समीप ईंट भट्ठे के निकट पहुंचा तो ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। राहगीरों की माने तो चालक एवं परिचालक ने अपनी जान कुद कर अपनी जान बचाई सड़क पर गन्नों से भरा ट्रक पलट जाने के कारण सड़क जाम हो गई पुलिस प्रशासन ने जेसीबी मशीन मंगा कर मलबे को रास्ते से हटाकर अवगामन चालू करवाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ और प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

### घर से नगदी और जेवराज समेटकर विवाहित हुई फरार

कांधला। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति ने पत्नी पर दहेज के झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देने एवं घर से हजारों की नगदी और जेवरात समेटकर फरार हो जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस तलाश में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी सल्लम ने रविवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि शनिवार को वह घर से कार्य करने के लिए गया हुआ था। आरोप है कि जब वह शाम के समय घर पर आया तो उसकी पत्नी घर पर नहीं थी। आरोप है उसकी पत्नी कई दिन पूर्व पीड़ित को दहेज के झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी दे रही थी। आरोप है कि उसकी पत्नी घर में रखी हजारों की नगदी और लाखों के जेवरात लेकर फरार हो गई। पीड़ित व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई है। पुलिस फरार महिला की तलाश में जुटी हुई है।

### 16 अप्रैल को दूरदर्शन पर काव्य पाठ करेंगे प्रदीप मायूस

शामली। प्रसिद्ध शायर प्रदीप टांक मायूस 16 अप्रैल को दिल्ली दूरदर्शन पर काव्यपाठ करेंगे। नगर के प्रतिष्ठित रचनाकार प्रदीप मायूस को दिल्ली दूरदर्शन पर गीत गजल काव्यपाठ रिकॉर्डिंग के लिए आमंत्रित किया गया है। इससे पहले भी प्रदीप मायूस आकाशवाणी एवं दूरदर्शन सहित अनेक टीवी चैनलों पर कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुके हैं। प्रदीप मायूस के गीत, गजल एलबम उपलब्ध है। इसके अलावा अनेक आंचलिक फिल्मों में गीत शामिल हो चुके है। कवि सम्मेलन एवं मुशायरों में लगातार काव्यपाठ कर नगर का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रदीप मायूस को अनेक साहित्यिक संस्थाएं सम्मानित कर चुकी हैं। हाल ही में पार्थ साहित्यिक संस्था नागल सहारनपुर द्वारा फिराक गोरखपुरी अवार्ड से नवाजा गया।

### अभिषेक राणा बने विधायक अशरफ अली खान प्रतिनिधि

थानाभवन। थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने अभिषेक राणा को अपने प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त किया। विधायक प्रतिनिधि अभिषेक राणा ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि थानाभवन विधायक अशरफ अली खान का बहुत बहुत आभार प्रकट करता हूं यह उनकी शालीनता का ही उदाहरण है जो उन्होंने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता पर अपना विश्वास जताया है।

# बैसाखी पर्व पर गुरुवाणी के साथ संगत हुई निहाल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**चौसाना।** रविवार को कौंथलपुर स्थित गुरुद्वारा में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व की शुरूआत अखंड पाठ साहिब की पूर्णता के साथ हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने शबद कीर्तन का आनंद लिया। गुरुवाणी की मधुर धुनों में डूबकर संगत भावविभोर हो गई और गुरुद्वारा परिसर में अध्यात्मिक वातावरण बन गया। श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैसाखी पर्व पर विशेष मेले का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गुरुद्वारे को फूल-मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया था। नगर कीर्तन का आयोजन भी धूमधाम से हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और गुरुवाणी के मधुर स्वरों के साथ नगर भ्रमण किया। पंजाब के




अमृतसर से आए विशेष जत्थे ने गुरुद्वारे में संगत को सिख इतिहास से अवगत कराया और मधुर वचनों के माध्यम से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जत्थे के सदस्यों ने गुरुओं की शिक्षाओं को सरल और भावनात्मक शैली में प्रस्तुत किया, जिससे सभी भाव-विभोर हो उठे। पूरे दिन गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन चलता रहा, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी सत्ता सिंह सरदार, गुरजंट, सोनू, भगेल सिंह, जोगिंदर सिंह, नवाब सिंह, प्रगट सिंह, लखविंदर सिंह, गुरपेज सिंह, विक्रम सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग आयोजन में उपस्थित रहे। मेले में महिलाओं और बच्चों ने भी खूब आनंद लिया। महिलाओं ने घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी की, वहीं बच्चों ने चाट, पकौड़ी, गोलगप्पों और अन्य व्यंजनों का स्वाद लेकर मेले का खूब लुत्फ उठाया। सजीव सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक खेलों ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया।

# चौसाना में गुंडाराज: सरेआम लाठी-डंडों से पिटाई, युवक को बंधक बना किया लहूलुहान

## चंडीगढ़ में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है आकाश आरोपितों पर रिपोर्ट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**चौसाना।** क्षेत्र में खुलेआम गुंडागर्दी का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां चार दबंगों ने एक युवक को सरेराह पीट-पीटकर अधमरा कर दिया और फिर उसे जबरन गाड़ी में डालकर अपने घर ले जाकर बंधक बनाकर उसकी बेरहमी से पिटाई की। हमलावरों ने युवक को धारदार हथियारों से गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कच्ची गढ़ी गांव निवासी आकाश नामक युवक किसी कार्य से लव्वादाउदपुर स्थित बिजलीघर जा रहा था। जैसे ही वह चौसाना-थानाभवन मार्ग से होकर लव्वादाउदपुर की ओर बढ़ा, पहले से घात लगाए चार हमलावरों ने उसे रोक लिया और बिना किसी पूर्व विवाद के लाठी-डंडों से हमला कर दिया। युवक को बीच सड़क पर ही बुरी तरह पीटा गया। इतना ही नहीं, हमलावरों ने आकाश को



जबरन एक गाड़ी में डालकर अपने घर ले गए, जहां उसे एक कमरे में बंद करके धारदार हथियारों से घायल कर दिया। युवक की चीख-पुकार सुनकर किसी ग्रामीण ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर आकाश को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराया। गंभीर हालत में उसे पहले ऊन स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी हालत नाजुक होने के चलते डॉक्टरों ने उसे चंडीगढ़ के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल आकाश जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है।

पीड़ित के पिता सतीश कुमार निवासी कच्ची गढ़ी की तहरीर पर पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। चौसाना थाना प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जा हैं और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाएगा।

# बच्चों के मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में बच्चों के मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई मारपीट में दोनों ओर से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों के घायल पीड़ितों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी बुजुर्ग व्यक्ति एहसान ने बताया कि उसके बच्चों का विवाद पड़ोस के अजीम



पक्ष के साथ हो गया था। आरोप है कि तब तो मोहल्ला के लोगों ने बच्चों के विवाद का मामला निपटारा कर दिया था आरोप है कि उसके बाद से दोनों पक्ष फिर से आमने-सामने आ गए दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट के दौरान एक पक्ष से एहसान तो दूसरे पक्ष से अजीम गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों के लोगों ने अपने-अपने घायल व्यक्तियों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। और अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध आरोप-प्रत्यारो लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

# धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनायी गयी बालाजी जयंती

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** शहर के झिंझाना रोड स्थित बालाजी धाम पर बालाजी जयंती धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनायी गयी। मंदिर में नौ कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसके यजमान राहुल तायल, हरिश्याम, सतीश चंद गर्ग, संजय जैन-अक्षय जैन, सचिन कुमार, दीपक गर्ग, आशीष गर्ग, राघव गर्ग-पीयूष संगल, तेजपाल संगल-वैभव संगल रहे। कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा बाहर से मंगवाए गए विशेष तरह के फूलों व फलों से बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल रहे। इस अवसर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने बालाजी के भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के बाद छोटी कन्याओं के साथ केक भी काटा गया जो प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने सामग्री से भरे गोले की महायज्ञ में आहूति देकर परिवर की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस मौके पर मुकेश संगल, विपिन संगल, आकाश गुप्ता, अमन गर्ग, अमित नारंग, अनिता, अंकुश, दीपक गर्ग, मुकेश गर्ग, मुकुल सिंघल मौजूद रहे। वहीं हनुमान टीला हनुमान धाम पर हनुमान प्रकटोत्सव पर विशेष आरती का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान मुकेश कर्णवाल, सलिल द्विवेदी, राजकुमार मित्तल संयुक्त रूप से महाआरती की। पूजा अर्चना पं. देवानंद शास्त्री ने किया।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

**आदिल राणा**

जिला प्रभारी शामली

91-9082190000,

91-9997173786

# राज्यपाल एवं सीएम ने इलाजरत कोबरा बटालियन के जवान से की मुलाकात

## उत्तम चिकित्सा व्यवस्था का दिया निर्देश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

झारखण्ड राज्यपाल संतोष गंगवार एवं सीएम हेमन्त सोरेन ने रविवार को राज अस्पताल में इलाजरत कोबरा बटालियन के जवान विष्णु सैनी से मुलाकात उनकी हाल-चाल जाना/लिया। गौरतलब हो कि सीएमओ के ऑफिसियल पेज पर तस्वीरों को साझा कर लिखा है राज्यपाल संतोष गंगवार और सीएम हेमन्त सोरेन ने राज अस्पताल में इलाजरत कोबरा -203 बटालियन के जवान विष्णु सैनी से मुलाकात की और इलाज से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की। ज्ञात हो कि जराईकेला में उग्रवादियों के





आईईडी ब्लास्ट में सैनी घायल हो गये थे। सीएम हेमन्त सोरेन ने रांची स्थित राज अस्पताल में इलाजरत कोबरा-203 बटालियन के जवान विष्णु सैनी से मुलाकात कर उनके इलाज से सम्बन्धित जानकारी डॉक्टर्स से प्राप्त की तथा उन्हें उत्तम चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु निर्देश दिया। शनिवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला में सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट में जवान विष्णु सैनी घायल हो गये थे। गौरतलब है कि शनिवार को नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के द्वारा पहले से जमीन के नीचे लगा कर रखे गये आईईडी में ब्लास्ट किया गया।

ब्लास्ट में 203 कोबरा बटालियन के आरओ विष्णु सैनी और झारखण्ड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान गंभीर रूप से घायल हो गये थे। दोनों घायल जवानों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। लेकिन इलाज के क्रम में घायल सुनील धान ने दम तोड़ दिया। वहीं घायल कोबरा बटालियन जवान विष्णु सैनी को राज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

# झामुमो युवा नेत्री उपासना मरांडी ने उर्स महोत्सव के मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में की शिरकत

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड के पाकुड़ जिला अन्तर्गत महेशपुर प्रखण्ड क्षेत्र के बलियाड़ंगाल गांव में अवस्थित हजरत ख्वाजा शाह सूफी भुआलुद्दीन अंसारी चिश्ती (रह:) के मजार शरीफ में पांच दिवसीय (11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक) वार्षिकी उर्स महोत्सव मनाया जाता है। जिसमें 12 अप्रैल को बाद नमाजे ऐशा (रात 8 बजे) को चादरपोशी एवं जलसा का प्रोग्राम रखा गया और 13 अप्रैल को दोपहर 12 बजे फातिहा नियाज व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। साथ ही रात में कव्वाली का प्रोग्राम भी रखा गया है। इस उर्स के मौके पर दूर- दराज से मुरीद (श्रद्धालु) आते हैं और चादर व सेन्नी चढ़ाते हैं। बताया जा रहा है कि यहां सभी धर्मो के लोग इस शुभ मुहूर्त पर आते हैं और अपनी इच्छा (मनोकामना) को पुरा करते हैं। वहीं इस शुभ मुहूर्त पर 12 अप्रैल को आयोजित हुई जलसा के मौके पर ख्याति प्राप्त मौलानाओं ने शिरकत की। वहीं 13 अप्रैल को हुई संस्कृतिक कार्यक्रम के बतौर मुख्यातिथि महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक प्रो स्टीफन मरांडी की सुपुत्री सह- झामुमो के युवा नेत्री उपासना मरांडी







उर्फ पिंकी ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया एवं बाबा के दरबार में चादर व सेन्नी चढ़ाया। वहीं बतौर मुख्यातिथि क्षेत्र का उभरता हुआ चेहरा झामुमो युवा नेत्री उपासना मरांडी के पहुंचते ही आयोजकों के द्वारा उनकी जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम का फीता काट कर शुभारम्भ करने के पश्चात उपासना मरांडी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह खुशी का पल है कि लोग दूर- दराज से यहां एकत्रित होते हैं और बाबर के दरबार में चादर चढ़ाते हैं और अपनी मनोकामना को पूरा किया करते हैं। साथ सांस्कृतिक सह- कव्वाली अन्य का आनंद लेते हैं। उन्होंने कहा कि आपका सुख-दुख में हम सदा साथ हैं, जब भी जरूरत हो हमें याद करें, निश्चित रूप से आपकी जरूरतों को प्राथमिकता दी जायेगी। वहीं बाबा के दरबार में लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट देखी गई। इस दौरान झामुमो के महेशपुर प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल वदूद, एनामुल हक, मैनुद्दीन अंसारी, नसीम अहमद, गोलक सिंह,लाल मुहम्मद अंसारी, मुताहर शेख, हबिबुर रहमान उर्फ पोल्टू, अखलाकुर रहमान, संतोष हेम्ब्रम, बाबुधन मुर्मू उर्फ डॉन, महमूद अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, मुखिया रवि, मोहम्मद असाद, निरोज मड़ैया, निर्मल मुर्मू, सलाउद्दीन अंसारी सहित झामुमो कार्यकर्ता व बाबा के भक्तजन मौजूद रहे।

# स्कूलों में शिक्षा के साथ संस्कार का होना बहुत जरूरी- तनवीर आलम



एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), इंडियन पब्लिक स्कूल आजादचौक में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल परिवार ने कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम का बुके देकर स्वागत किया। तनवीर आलम ने कहा कि आज शिक्षा के साथ संस्कार का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही बच्चों को जीवन में सफलता मिलती है।उन्होंने कहा कि अभिभावक भी बच्चों को संस्कारित बनाने में विशेष ध्यान दें। उन्होंने बच्चों से मोबाइल से दूर रहने का आह्वान किया। तनवीर आलम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। छात्र - छात्राओं ने ड्रामा, नाटक प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया. पर्यावरण, पेड़ की अंधाधुंध कटाई से हानि, हिंदू मुस्लिम एकता, देशभक्तों की वीरता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश संगीत और नाटक के माध्यम से छात्र - छात्राओं, छोटे छोटे बच्चों ने संदेश दिया। कार्यक्रम के उपरांत कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सह- विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, युवराज सिंह,दिलदार आलम ,रबीउल इस्लाम ,नेहाल अख्तर सहित अन्य मौजूद रहे।

# रणवीर सिंह चुने गये झारखण्ड ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०),'13 अप्रैल 2025 रविवार को रांची के आर.के आनंद लोन बॉल स्टेडियम में झारखण्ड ओलंपिक संघ की आमसभा सह- चुनाव आयोजित की गई। वार्षिक आमसभा का कार्यकाल 2025 से 2029 तक रहेगा। उक्त चुनाव में राज्य खेल संघों के अध्यक्ष सचिव एवं जिला ओलंपिक संघ के प्रतिनिधि ने भाग लिया। उक्त चुनाव भारतीय ओलंपिक संघ की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक कुलदीप वॉट्स तथा रिटर्निंग ऑफिसर सुशील कुमार झा की देख-रेख में चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें पाकुड़ के रणवीर सिंह को झारखण्ड ओलंपिक संघ का निर्विरोध संयुक्त सचिव चुना गया। जिसकी औपचारिक घोषणा रविवार को किया गया। रणवीर सिंह वर्तमान में कई खेल संघ के अध्यक्ष या सचिव पद में काबिज है। वे विगत 15 वर्ष से जिला एवं राज्य में खेल को बढ़ावा देने में कई अहम भूमिका में रहे। रणवीर सिंह वर्तमान में पाकुड़ जिला



ओलंपिक संघ के महासचिव एवं झारखण्ड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष है।

रणवीर सिंह ने बताया कि इस चुनाव में झारखण्ड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में आरके आनंद महासचिव के रूप में डॉ मधुकांत पाठक तथा अन्य के साथ वरीय उपाध्यक्ष के रूप में भोलानाथ सिंह व कोषाध्यक्ष शिवेंद्रनाथ दुबे चुने गये। झारखण्ड खेलों के लिए यह एक अच्छा संदेश माना जा रहा है कि झारखण्ड ओलंपिक संघ में गुटबाजी खत्म हो गई है और सभी लोग मिलकर एक साथ राज्य में खेलों को आगे बढ़ाने को लेकर प्रयास करने को तैयार है। रणवीर सिंह संयुक्त सचिव निर्वाचित होने पर पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष व झारखण्ड साइकिलिंग संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी , जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अर्धेन्दु शेखर गांगुली, जिला एथलेटिक्स संघ, उपाध्यक्ष जयदेव कुमार मंडल , वॉलीबॉल संघ सचिव हिसाबी राय, सुजीत विद्यार्थी, पंकज अग्रवाल, राजकुमार मेहता, जितेंद्र महतो, चंद्र बहादुर सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रोनोति रानी दास, अनिता कुमारी, सतविंदर कौर, शिव शंकर यादव, नारायण चंद्र रॉय, कृष्णा कुमार, ,प्रवीण कुमार, दीपक सिंह तथा खेल संघ व राज्य के विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक ने पाकुड़ में संचालित मूल्यांकन केन्द्र का लिया जायजा, दिया निर्देश

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), संथाल परगना प्रमंडल दुमका के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक दुगार्नंद झा ने पाकुड़ जिला में संचालित मूल्यांकन केन्द्र, जिदतो बालिका उच्च विद्यालय, पाकुड़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मूल्यांकन केन्द्र निदेशक एवं प्रतिनियुक्त सभी शिक्षकों को निर्धारित समयानुसार मूल्यांकन केन्द्र में उपस्थित होकर कदाचार मुक्त एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में मूल्यांकन कार्य कराने के निदेश दिया।

# भाजपा का डा. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान की हुई शुरूआत

भाजपा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निदेशांनुसार भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान का शुभारम्भ रविवार से शुरूआत की गयी है। भाजपा के पाकुड़ जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती की शुभ मुहूर्त पर पाकुड़ जिले में 13 से 25 अप्रैल तक भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अभियान के अन्तर्गत आज रविवार को पाकुड़ जिले के विभिन्न स्थानों पाकुड़ नगर के अंबेडकर चौक, महेशपुर के अंबेडकर चौक और हिरणपुर के पुराना प्रखण्ड कार्यालय में बाबा साहब के प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही, आज रात्रि में बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर दीप प्रज्जवलित किये जायेंगे। 14 अप्रैल को भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि स्थानीय नागरिकों के साथ डा. अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करके नमन करेंगे तथा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जायेगा। अभियान के तहत 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। अभियान की जिला टोली में अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री कामेश्वर दास, पूर्व प्रदेश मंत्री शर्मिला रजक और अजा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत रविदास शामिल हैं। आज पाकुड़ नगर के अंबेडकर चौक पर नगर अध्यक्ष सोहन मंडल के नेतृत्व में बाबा साहेब की प्रतिमा की सफाई की गई। इस कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक साह, सपन दुबे, सुशील साह, पवन भगत , युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष जीतू सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

# झामुमो की महाधिवेशन की तैयारियों का सांसद ने लिया जायजा, दिया निर्देश

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), राजमहल संसदीय क्षेत्र से हैट्रिक लगाये युवा सांसद विजय कुमार हसदा एवं केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने 14 और 15 अप्रैल को होने जा रही झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 13वें केन्द्रीय महाधिवेशन की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में तैयारियों का जायजा लेने के पश्चात उपस्थित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से की मुलाकात

एनपीटी ब्यूरो

झारखण्ड राज्य के पूर्व सीएम सह- ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुबर दास ने रविवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुबर दास एवं राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के के बीच कई मुद्दों पर चर्चा भी हुई। गौरतलब हो कि रघुबर दास ने मुलाकात की तस्वीरों को साझा करते हुए एक्स हैंडल पर लिखा झारखण्ड के माननीय राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में सौजन्य भेंटवार्ता की। इस दौरान उनसे विभिन्न मुद्दों पर विस्तार में चर्चा हुई।

# अवैध बालू कारोबार पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, देर रात छापेमारी में 6 हाईवा जब्त

पथरगामा (गोड्डा) शनिवार देर रात पथरगामा थाना क्षेत्र के सनातन घाट के समीप जिला प्रशासन ने पथरगामा थाना प्रभारी मनोहर कुमार के नेतृत्व में अवैध बालू लदे वाहनों के खिलाफ संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान महालक्ष्मी ट्रांसपोर्ट की 6 अवैध बालू लदे हाईवा जब्त की गईं।



इस छापेमारी से इलाके में सक्रिय बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी मनोहर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर कांड संख्या 64/24 के तहत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार राजद नेता सह मंत्री पुत्र अपने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान रजौन मोड़ के पास बैठे हुए थे तभी तेज रफ्तार से गुजरते हाईवा को देख ग्रामीणों ने उनसे शिकायत किया कि ऐसे भारी वाहन अक्सर इसी तरह तेज गति से गुजरते हैं जिससे उनकी जान को खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इस वजह से जानलेवा हादसे भी हो चुके हैं।

राजद नेता ने तुरंत उपायुक्त से बात कर कार्रवाई की मांग की, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने जिला टीम का गठन कर छापेमारी का आदेश दिया।

इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए ग्रामीणों ने राजद नेता का आभार जताया। राजद नेता रजनीश यादव ने कहा कि, ग्रामीणों की जिंदगी के साथ खेलने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वह कोई भी हो–, किसी को भी किसी की जान लेने का हक नहीं है।

जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से स्पष्ट संकेत गया है कि अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## पाकुड़ से सटे पश्चिम बंगाल बॉर्डर इलाके में कड़ी की गयी सुरक्षा व्यवस्था

# हर गतिविधियों पर है पुलिस की पैनी नजर

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०),पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को हुई मा मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक के दौरान मार्च महीने में किये गये कार्यों की समीक्षोपरांत सभी थाना/ ओपी प्रभारी / सम्बन्धित शाखा प्रभारी को कई अहम दिशा- निर्देश दिया। समीक्षोपरांत पाया गया कि करीब 112 कांड प्रतिवेदित हुआ है एवं लगभग 123 कांडों का निष्पादन किया गया है। साथ ही तकरीबन 406 कांडों की संख्या को घटा कर माह अप्रैल के अंत तक 350 से नीचे लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विगत दिनों में नगर थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटना एवं घटना का ससमय उद्भेदन नहीं होने पर थाना प्रभारी, नगर को कड़ी फटकार लगाते हुए अविलंब चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही डकैती/ लूट/ छिनतई/ चोरी/ गृहभेदन जैसे घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया। इसके अलावे लंबित सभी यू. डी. कांडों को अप्रैल माह के अंत तक निष्पादित करने, थाना/ ओपी में लंबित सभी कांडों का विस्तृत समीक्षा करने एवं कांड में प्रगति नहीं पाए जाने/ अनावश्यक रूप से कांड को लंबित रखने पर सम्बन्धित अनुसंधानकर्ता के विरुद्ध अनुशासनिक कारवाई हेतु प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु सभी पुलिस उपा./ अनु.पु.पदा./ पुलिस निरीक्षक प्रभाग को निर्देशित किया गया। वहीं एसपी ने बताया कि अवैध कोयला चोरी के विरुद्ध चलाये गये छापामारी अभियान के पश्चात कोयला चोरी में कमी आई है। उन्होंने छापामारी अभियान नियमित रूप से चलाए जाने का निर्देश थाना प्रभारियों को दिया। एसपी प्रभात कुमार ने अवैध खनिजों के उत्खनन/ परिवहन/ भंडारण के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा चलाए जा रहे अभियान में प्रयाप्त सुरक्षाबल उपलब्ध कराते हुए सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करने, पेट्रोलिंग पार्टी का अनावश्यक रूप से एक ही स्थान पर खड़े नहीं रहने बल्कि मुस्तैदी के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर एवं जगह बदल-बदल कर वाहन इत्यादि की सघन जांच करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने थाना में लंबित वारंट/ परिवाद/ पासपोर्ट सत्यापन/ चरित्र सत्यापन से सम्बन्धित लंबित मामलों को एक सप्ताह के अन्दर निष्पादन करने की ताकीद की। आये दिन हो रहे सड़क दुर्घटना के नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर चालक का हेलमेट/ सिटबेल्ट/ रजिस्ट्रेशन/ इंश्योरेंस इत्यादि की जांच करने तथा ड्रंकन ड्राईव के विरुद्ध नियमित रूप से जांच अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया। वहीं आगामी 16 अप्रैल 2025 को पाकुड़ जिले के नगर थाना/ महेशपुर थाना/ लिट्टीपाड़ा थाना परिसर में पुनः आयोजित होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के ध्यानार्थ व्यापक पैमाने पर प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। प्राप्त सूचनानुसार 11 अप्रैल 2025 को पाकुड़ जिले के सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिलान्तर्गत धूलियान/ डाक बंगला/सूती इत्यादि जगहों पर हुए उग्र/ हिंसात्मक प्रदर्शन के मद्देनजर सभी थाना/ ओपी प्रभारी को अपने थाना/ ओपी क्षेत्र के अन्तरराज्यीय सीमा/संवेदनशील स्थानों में पर्याप्त सुरक्षाबल की प्रतिनियुक्त कर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया। आपको बता दे पाकुड़ से सटे पश्चिम बंगाल बॉर्डर इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, हर गतिविधियों पर सुरक्षा बलों के द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा पाकुड़ वासियों को संयम बरतने के साथ अफवाहों से बचने की अपील की गयी है।

# `रामलीला कमेटी की असंवैधानिक बैठक में पार्षद पप्पू नागर को अध्यक्ष बनाये जाना हास्यास्पद, पूर्व अध्यक्ष व सदस्यों ने किया विरोध

## श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी के सदस्य तक नहीं पप्पू नागर और कमेटी का विवाद अभी रजिस्ट्रार कोर्ट में है लंबित

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। रविवार को श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी के कुछ सदस्यों ने कमेटी से बाहरी लोगों के साथ एक बैठक का आयोजन करके स्थानीय पार्षद पप्पू नागर को कमेटी का अध्यक्ष बना दिया था। जिसका पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र बाबू वर्मा तथा वर्तमान के संयोजक अशोक चांदीवाल व मोहन सिंह रावत ने इस बैठक का विरोध करते हुए कहा है। कि कमेटी की सदस्या कौशल शर्मा, संजीव चौधरी व रविंद्र सिंह राणा ने बाहरी लोगों के साथ मिलकर फर्जी रूप से पप्पू नागर को अध्यक्ष बनाया है। वह पूर्णतया अवैध है। क्योंकि इसकी जानकारी पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान संयोजकों को नहीं थी तथा कमेटी का विवाद अभी रजिस्ट्रार कोर्ट में लंबित है। और पप्पू नागर कमेटी के सदस्य भी नहीं है। यह प्रशासनिक रूप से अवैध है। तथा यह फर्जी मिटिंग का नाटक चंदा उगाही के लिए किया जा रही है। तथा इस असैवधानिक बैठक का विरोध लिखित रूप में रजिस्ट्रार कार्यालय पर भी दर्ज कराया जाएगा।



क्योंकि डिप्टी रजिस्ट्रार ने कमेटी के चुनाव कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारी को नियुक्त कर रखा है। जिसके आदेश की इन लोगों ने अवहेलना की है। तथा इस बैठक में उपस्थित लोग सभी बाहरी लोग हैं। जिनका रामलीला कमेटी से कोई लेना देना नहीं है। इस कारण रामलीला कमेटी के साथ-साथ क्षेत्र का सामाजिक सौहार्द भी बिगड़ने की संभावना है तथा इस असंवैधानिक बैठक पर कमेटी के द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पीड़ित परिवार ने सीएम योगी से लगाई गुहार

# अपने पद का दुरुपयोग कर रही है रेखा चौधरी





- षड्यंत्र के तहत हमारे ऊपर फर्जी मुकदमे करवाये जा रहे हैं दर्ज
- जानबूझकर किया जा रहा है परेशान
- पुलिस को कर रहे हैं गुमराह
- राष्ट्रीय लोकदल की नेता हैं रेखा चौधरी
- उपेन्द्र सिरोही ने विडियो जारी कर दिया ब्यान
- रेखा चौधरी ने दर्ज कराया फर्जी मुकदमा, 2 करोड़ रुपए दे दो नहीं तो पूरा परिवार जेल में सड़ेगा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। राष्ट्रीय लोकदल की महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने 11 अप्रैल को थाना क्रासिंग में 10 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए एक मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष ने एक विडियो जारी करते हुए रेखा चौधरी पर 2 करोड़ रुपए मांगे जाने के आरोप लगाये हैं। दूसरा पक्ष उपेन्द्र सिरोही जो कि सनातन रक्षा दल संगठन के संस्थापक और अध्यक्ष हैं ने बताया कि रेखा चौधरी राष्ट्रीय लोकदल की महानगर अध्यक्ष जोकि अपने पद का दुरुपयोग करते हुए हमारे ऊपर एक षड्यंत्र के तहत फर्जी मुकदमे दर्ज करवा रही है और हमसे दो करोड रुपए की नाजायज मांग कर रही है न देने पर पूरे परिवार समेत जेल में सडाने की धमकी दे रही है। जो मुकदमा रेखा चौधरी ने थाना क्रॉसिंग में दर्ज कराया है वह पूरी तरह से फर्जी है मेरे बेटे के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कॉल रेखा चौधरी को नहीं की गई और ना ही उससे किसी भी तरह की कोई बात की है। एक बड़ी साजिश के तहत मेरी छवि खराब करने के उद्देश्य से व मन में बाद नियति आने की वजह से इस तरह के फर्जी मुकदमे करवा रही है। जो मुकदमा रेखा चौधरी ने दर्ज कराया उसका कोई साक्ष्य किसी प्रकार का नहीं है पुलिस प्रशासन को लगातार गुमराह किया जा रहा है।

जब इस बारे में फोन पर रेखा चौधरी से उनका पक्ष जाना गया तो उन्होंने बताया इन लोगों ने तकरीबन आधा दर्जन लोगों को ठगी का शिकार बनाया हुआ है और प्रोजेक्ट के नाम पर यह लोग लोगों से पैसा लेकर गायब हो जाते हैं जबकि रेखा चौधरी ने यह भी बताया की हमारा भी इन लोगों के ऊपर काफी पैसा बकाया है जो इन्होंने प्रोजेक्ट के नाम पर लेकर 15 दिन में लौटा देने की बात कही थी और इनके द्वारा पैसे को नहीं लौटाया गयो

# भगवान कृष्ण बलराम की भव्य शोभा यात्रा निकली गई

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

मेरठ। इस्कॉन मंदिर शास्त्री नगर के तत्वाधान में भगवान कृष्ण बलराम की भव्य शोभा यात्रा निकली गई। शोभा यात्रा 1 बजे जिमखाना मैदान से शुरू हुई जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान का स्वागत किया, इस्कॉन मंदिर के वरिष्ठ संन्यासी परम पूज्य गुरु प्रसाद महाराज व परम पूज्य प्रभोदनंद महाराज ने भगवान की आरती की व शोभा यात्रा की अगुवाई की । इस्कॉन इंडिया यूथ फोरम के चेयरमैन श्रीमान सुंदर गोपाल प्रभु जी व अन्य वरिष्ठ भक्तों ने सुंदर हरिनाम संकीर्तन कर सभी श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

पूरे शहर में सुंदर 50 फीट बड़ी रंगोलियां बनाई गई , संपूर्ण यात्रा मार्ग पर फव्वारों से इत्र की वर्षा की गई , श्रीमान आदिकर्ता प्रभु ने शाम को भगवान की संध्या आरती की जिसपर हजारों श्रद्धालुओं ने मनमोहक नृत्य किया।

यह यात्रा जीमखाना मैदान से प्रारंभ होकर बच्चा पार्क ,स्पोर्ट्स मार्केट सूरजकुंड , गांधी आश्रम ,गढ़ रोड ,रंगोली रोड व शास्त्री नगर सेंट्रल मार्केट से होते हुए इस्कॉन मंदिर शास्त्री नगर पर विश्राम हुई। अलग अलग स्थानों पर भगवान को क्रेन के द्वारा छप्पन भोग लगाया गया, माताओं ने 108 आरती की प्लेट लेकर भगवान की आरती की जिसका नजारा देखते ही बनता था। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ,पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल , महापौर हरिकांत अहलूवालिया आदि उपस्थित रहे । आयोजन कर्ता में नवीन गौर दास, शशि प्रियनाथ दास, चारु गोविंद दास, अखिल आत्मा दास, महाबहु अर्जुन दास, महाप्रभु निमाई दास, अंकुर अग्रवाल, नितिन गर्ग व मीडिया प्रभारी विपुल सिंघल व अंकेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर सैकड़ों लोगों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली

## संदीप प्रधान को बाबा साहब वाहिनी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया

एनपीटी ब्यूरो





गाजियाबाद। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार संविधान निमार्ता, भारत रत्न से अलंकृत श्रद्धेय बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी के जयन्ती के पावन अवसर पर स्वाभिमान-स्वमान समारोह अम्बेडकर पार्क मटियाला में आयोजित किया गया जिसमे संदीप जाटव पूर्व प्रधान मटियाला एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा ने समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर सैकड़ों लोगों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के द्वारा संदीप प्रधान को बाबा साहब वाहिनी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया कार्यक्रम में म फैसल हुसैन एडवोकेट जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष असलम चौधरी पूर्व विधायक धौलाना विशाल वर्मा पूर्व प्रत्याशी सदर विधानसभा राजन कश्यप महानगर महासचिव राजबीर सिंह जिला अध्यक्ष एस.सी प्रकोष्ठ गुल मोहम्मद मंसूरी राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा वसीम चौधरी जिला सचिव दरोगा प्रसाद ,हुकुम सिंह प्रधान ,हरि पंडित समाजवादी पार्टी सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# समाजसेवी बीके शर्मा के पुत्र के नामकरण संस्कार में उपस्थित हुए शहर के गणमान्य लोग

## गण मान्य लोगों ने पुत्र को दिया आशीर्वाद



गाजियाबाद/ मोदीनगर निवासी सतीश शर्मा के पौत्र व समाजसेवी बीके शर्मा के पुत्र का नामकरण संस्कार धार्मिक कार्यक्रम हवन पूजन व कुआ पूजन धूमधाम से कराया गया। नामकरण संस्कार के पश्चात प्रति भोज रखा गया। नाम संस्कार में पुत्र को आशीर्वाद देने पहुंचे मुख्य रूप से उपस्थित शहर के पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, अध्यक्ष विनोद वैशाली, भाजपा नेता अनुज शर्मा, हिंदू युवा वाहिनी जिला अध्यक्ष आयुष त्यागी, राष्ट्रीय लोक दल जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, बबली गुर्जर, राहुल प्रधान, लोकेंद्र त्यागी, सत्यम शर्मा, नीरज शर्मा, मयंक शर्मा, पप्पन शर्मा, निर्भर राणा, नकुल शर्मा, विशाल शर्मा, ऋषि शर्मा व गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# भारतीय योग संस्थान ने मनाया स्थापना दिवस



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

राजेंद्र नगर साहिबाबाद। भारतीय योग संस्थान द्वारा राम मनोहर लोहिया पार्क में राजेंद्र नगर में 59 वा योग दिवस मनाया। इस अवसर पर योग की विभिन्न मुद्राओं आसन ओम ध्वनि, गायत्री पाठ, ताड़ासन, अर्ध चक्रासन, योग मुद्रा चक्रासन, सिंह गर्जना, हास्य आसान, प्राणायाम, आदि किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिलीप जी, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह वर्मा, मंत्री राम मिलन शुक्ला, सहयोगी रवींद्र सचान, विनय जरीवाला, सी एल आनंद, वाई एस त्यागी,सुनील त्यागी, सरदार अवतार सिंह, निरपेंदर जैन, पंत जी, सुखपाल सिंह, सहित करीब 150 साधकों ने योग साधना की।

# हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई



दिल्ली शकरपुर

इस बार भी हर साल की तरह शकरपुर मै हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गयी और बालाजी महाराज के जन्मदिन के मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया और राजू गुप्ता महा सचिव राष्ट्रीय लोक दल दिल्ली प्रदेश जी जो की हर साल बालाजी महाराज का जन्मदिन मानते है और बालाजी महाराज के नाम की चौकी करवाते है हर साल और और बालाजी महाराज का केक काटकर जन्मदिन मानते है` सुन्दर सुन्दर झांकी जैसे की माँ कालका माई और भगवान भोले शंकर पार्वती और कृष्ण जी सुदामा और हनुमान जी की झांकी का जनता आनंद लेती है और सभी भक्त आशीर्वाद लेते है`

‘नेशनल प्रेस टाइम्स’
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173









# हनुमान जयंती पर धूमधाम से भव्य शोभा यात्रा निकाली

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

शालीमार गार्डन। हनुमान जयंती पर जगह लगे जयकारे जय श्री राम! जय हनुमान! हनुमान जी की जयंती पर पूरे देश प्रदेश में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों की धूम रही। शालीमार गार्डन मेन के प्राचीन श्री राम मंदिर से एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस शोभायात्रा का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सुनील शर्मा ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर सभी का स्वागत करते हुए सरदार सिंह भाटी पूर्व डिप्टी मेयर, रवि भाटी पार्षद, कालीचरण पहलवान पार्षद ने आभार प्रकट किया। यात्रा में अशोक भाटी मंडल अध्यक्ष,मुन्ना बजरंगी, भोपाल यादव, कैलाश यादव, पूर्व पार्षद विनय चौधरी,अशोक भाटी,पर्व पार्षद विजय गौतम,वसुंधरा के पार्षद नरेश भाटी, शालीमार सुधार समिति के चेयरमैन रामचरण,अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा,निहाल सिंह, आदि गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। यात्रा में बैंड बाजे, भगवान की झांकियों और राणा सांगा की झांकी, और सजे धजे हाथी, घोड़े और ऊंट सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा में हजारों की संख्या में उत्साहित श्रद्धालु महिला पुरुष जय श्री राम जय हनुमान के जयघोष लगाते रहे। इस अवसर पर जगह जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा जलपान और प्रसाद भी बांटा गया। इस दौरान एसीपी शालीमार सलोनी अग्रवाल, थानाप्रभारी बृजेश कुमार पुलिसबल के साथ मुस्तैद रहे।



शालीमार गार्डन गौरी शंकर विहार में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण भी किया गया। वसुंधरा के अटल चौक पर जनता बुक डिपो के द्वारा श्रद्धापूर्वक भंडारे में चावल छोले का प्रसाद वितरण किया गया।

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।